कोटद्वार, बुधवार
7 फरवरी 2024
वर्षः 45
अंकः 275 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## उत्तराखंड ने रचा इतिहास, विस में आज पास होगा यूसीसी बिल

**देहरादून।** दो साल की कसरत के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को विधानसभा के पटल पर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) उत्तराखंड विधेयक 2022 रखकर इतिहास रच दिया। सदन में बिल पेश करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य हो गया है। विधेयक में प्रावधान के मुताबिक, बेटा और बेटी को संपत्ति में समान अधिकार देने और लिव इन रिलेशनशिप में पैदा होने वाली संतान को भी संपत्ति का हकदार माना गया है। अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों पर यूसीसी लागू नहीं होगा। सदन में विधेयक पेश करने के बाद सीएम ने कहा कि यूसीसी में विवाह की धार्मिक मान्यताओं, रीति–रिवाज, खान–पान, पूजा–इबादत, वेश–भूषा पर कोई असर नहीं होगा।

मंगलवार को सदन के सारे कामकाज स्थगित कर सरकार सदन में 202 पृष्ठों का यूसीसी विधेयक लेकर आई। इस प्रक्रिया को लेकर सदन में विपक्ष की नाराजगी पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने ढाई घंटे सदन स्थगित रखा ताकि बिल के अध्ययन के लिए समय मिले। शाम करीब साढ़े छह बजे सदन स्थगित हो गया। चर्चा के बाद बुधवार को बिल पारित होने की संभावना है। चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष के विधायकों ने धामी सरकार की तारीफ की तो नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य व एक अन्य विपक्षी सदस्य ने इसे पुनर्विचार के लिए प्रवर समिति को भेजे जाने की मांग उठाई। इससे पहले सीएम धामी हाथों में संविधान की पुस्तक लेकर विधानसभा में पहुंचे।

इस दौरान नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और कांग्रेस सदस्य प्रीतम सिंह ने व्यवस्था प्रश्न उठाया कि बिल पेश किया जा रहा है, लेकिन उन्हें बिल की प्रति नहीं मिली है। उन्होंने स्पीकर से बिल का अध्ययन करने के लिए समय देने की मांग की।

विधानसभा में भाजपा स्पष्ट बहुमत प्राप्त है। उसके 47 सदस्य हैं। कुछ निर्दलीय विधायकों का भी उसे समर्थन प्राप्त है। ऐसे में यूसीसी विधेयक पारित कराने में कोई कठिनाई नहीं है। चर्चा के बाद यूसीसी विधेयक पारित होना तय माना जा रहा है।

समवर्ती सूची का विषय होने की वजह से पारित होने के बाद विधेयक राज्यपाल के माध्यम से अनुमोदन के लिए राष्ट्रपति को भी भेजा जा सकता है।स्पीकर ऋतु खंडूड़ी भूषण ने उत्तराखंड राज्य आंदोलन के चिन्हित आंदोलनकारियों और उनके आश्रितों को सरकारी सेवा में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण विधेयक पर गठित प्रवर समिति की रिपोर्ट सदन पटल पर रख दी है।



भारत के संविधान की मूल प्रति और समान नागरिक संहिता के ड्राफ्ट की प्रति के साथ विधानसभा की कार्यवाही के लिए जाते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व प्रेरणा से हमने वर्ष 2022 के विस चुनाव में प्रदेश की जनता से राज्य में यूसीसी कानून लाने का जो संकल्प लिया था, उसे हम पूरा करने जा रहे हैं। हमारी सरकार ने पूरी जिम्मेदारी के साथ समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर यूसीसी विधायक विस में पेश कर दिया है। देवभूमि के लिए वह ऐतिहासिक क्षण निकट है, जब उत्तराखंड पीएम मोदी के विजन एक भारत श्रेष्ठ भारत का मजबूत आधार स्तंभ बनेगा।

**— पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

विपक्ष यूसीसी पर चर्चा के लिए तैयार है। लेकिन सरकार विपक्ष की आवाज को दबाकर यूसीसी बिल पारित कराना चाह रही है। हमने मांग की थी कि बिल पर चर्चा के लिए पर्याप्त समय दिया जाए, ताकि यूसीसी के प्रावधानों पर सभी विधायक अपनी बात रख सकें।

**— यशपाल आर्य, नेता प्रतिपक्ष**

### यूसीसी में होगा पूरा इंसाफ

**देहरादून।** चुनावी वादे को अमली जामा पहनाने की दिशा में बड़ा कदम आगे बढ़ाते हुए उत्तराखंड की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने मंगलवार को समान नागरिक संहिता का विधेयक विधानसभा में पेश किया। विधेयक के कानून बन जाने के बाद विवाह, तलाक और उत्तराधिकार जैसे मसलों पर सभी धर्मों के लोगों के लिए नियम एक जैसे होंगे। खास बात यह है कि यूसीसी में लिव इन रिलेशनशिप को भी व्यवस्थित और शादी की तरह सुरक्षित बनाने के लिए कई प्रावधान किए गए हैं। नए कानून के बाद लिव इन रिलेशन बनाने और खत्म करने की प्रक्रिया तय होगी। लिव इन रिलेशन को रजिस्टर कराना और खत्म करते समय भी इसकी रजिस्ट्रार को देना अनिवार्य होगा। इसकी सूचना थाने को भी दी जाएगी। यदि लिव इन पार्टनर में किसी की उम्र 21 वर्ष से कम है तो माता–पिता को भी सूचना दी जाएगी।

### महिला और बच्चे को मिलेगा पूरा अधिकार

लिव इन रिलेशन को शादी की तरह सुरक्षित बनाने के लिए महिला और संबंध से पैदा हुए बच्चे को पुरुष की संपत्ति में अधिकार दिया जाएगा। यदि किसी महिला को पुरुष पार्टनर छोड़ देता है तो वह भरण–पोषण की मांग के लिए कोर्ट में अपना दावा पेश कर सकती है। लिव इन से पैदा हुआ बच्चा वैध होगा। यानी शादी के बाद पैदा हुए बच्चे की तरह ही जैविक पिता को उसका भरण–पोषण करना होगा और संपत्ति में अधिकार भी देना होगा।

#### सजा का भी प्रावधान

लिव इन रिलेशन बनने के एक महीने के भीतर इसे रजिस्टर नहीं कराने या फिर झूठे वादे करके धोखा देने पर सजा का प्रावधान भी होगा। रजिस्ट्रेशन नहीं कराने पर 6 महीने तक की जेल हो सकती है। लिव इन पार्टनर यदि रजिस्ट्रेशन के समय गलत जानकारी देते हैं या बाद में कोई सूचना गलत पाई जाती है।

### श्रीनगर में फिर दिखा गुलदार

**श्रीनगर गढ़वाल :** नगर क्षेत्र में गुलदार की चहलकदमी लगातार देखी जा रही है। मंगलवार प्रातः 7 बजे के करीब गुलदार बुघाणी रोड पर ग्लास हाउस के समीप फिर देखा गया। क्षेत्रवासी ममता देवी ने बताया कि ग्लास हाउस रोड स्थित पुरानी पटवारी चौकी के पास गुलदार खेतों में दिखाई दिया। उन्होंने बताया कि गुलदार काफी समय से गुर्रा रहा था। जिसके बाद वह डंडा लेकर घर से बाहर निकली तो वह खेतों से उठकर दूसरी ओर भाग गया। बीते दो दिनों में गुलदार दो बच्चों का अपना निवाला बना चुका है। जिससे लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। वहीं गुलदार की गतिविधियों को देखते हुए वन विभाग ने पिंजरा लगाने के साथ ही ट्रेप कैमरे भी लगाए हैं। वहीं मुख्य वन संरक्षक की ओर से गुलदार के मारने के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। (एजेंसी)

### लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू

**पौड़ी :** लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्व करवाने को लेकर आदर्श आचार संहिता, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति व निर्वाचन व्यय के संबंध में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में डीएलएमटी मास्टर ट्रेनर नोडल दीपक रावत ने चुनाव प्रक्रिया का सामान्य प्रशिक्षण प्रदान किया। मुख्य कोषाधिकारी गिरीश चंद्र, लेखाधिकारी कृष्ण कुमार सागर ने अफसरों व कर्मचारियों को निर्वाचन व्यय के संबंध में जानकारी दी। प्रेरणा जगूड़ी व अश्विनी गौतम ने आदर्श आचार संहिता के संबंध में प्रशिक्षण दिया।

### चट्टानी मलबा गिरने से तीन बाइकें दबीं

**रुद्रप्रयाग :** मुख्यालय में चट्टानी मलबा गिरने से हाईवे पर खड़ी तीन से अधिक बाइकें मलबे में दब गई हैं। बाइकों को बुरी तरह क्षति पहुंची है। शुक्र रहा कि इस दौरान यहां लोगों की आवाजाही नहीं रही, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की सूचना पर पुलिस, आपदा प्रबंधन और प्रशासन मौके पर पहुंच गया जिसके बाद मलबा हटाने की कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर ढ़ाई बजे करीब रुद्रप्रयाग नगर में ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुराने विकास भवन के समीप पहाड़ी से अचानक मलबा हाईवे पर गिर गया। हाईवे पर पार्क हुई बुलट, स्कूटी, बाइक मलबे में दब गई। गनीमत रही कि मलबा गिरते समय हाईवे से लगे फुटपाथ पर लोगों की आवाजाही नहीं हो रही थी अन्यथा यहां बड़ा हादसा हो सकता था। इधर, मलबा गिरने के ऊपरी क्षेत्र के आवासीय भवन खतरे की जद में आ गए हैं। पूर्व में एनएच द्वारा हाईवे चौड़ीकरण के दौरान भी स्थानीय लोगों ने भवनों की सुरक्षा की मांग की थी, किंतु तब नगर के आवासीय भवन स्वामियों की कोई सुनने वाला नहीं रहा। व्यापार संघ अध्यक्ष राय सिंह बिष्ट ने कहा कि एनएच द्वारा हाईवे चौड़ीकरण में स्थानीय जन भावनाओं को दरकिनार किया गया। जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। नगर के कई जगह इसी तरह खतरनाक बनाए गए हैं जहां सुरक्षा दीवार लगाई जानी चाहिए। यह घटना भी एनएच की लापरवाही है। इधर, स्थानीय निवासी राकेश काला, शंभू प्रसाद काला, अंकुर खन्ना, लक्ष्मण सिंह कप्रवान, नरेंद्र बिष्ट आदि ने पहाड़ी से लगे भवनों की सुरक्षा की मांग की है।

## पटाखा फैक्ट्री में एक के बाद एक तीन विस्फोट से लगी भीषण आग, 6 लोगों की मौत, 50 झुलसे

**हरदा, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के हरदा जिले में एक पटाखा कारखाने में आज सुबह एक के बाद एक तीन विस्फोट हुए। हादसे में अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकि है, जबकि 59 लोग झुलस गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। यह धमाका हरदा के बैरागढ़ में पाटाखा फैक्ट्री में हुआ है। धमाके के बाद कई लोगों के अंदर फंसे होने की आशंका है। अंदर फंसे लोगों को रेस्क्यू करने के लिए रउआ की टीम मौके पर पहुंच गई है।



वहीं, दमकल विभाग की टीम भी मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही है। जब तक आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जाता तब तक अंदर फंसे लोगों को रेस्क्यू कर पाना आसान नहीं है। फैक्ट्री के अंदर कितने लोग फंसे हैं अभी इसका खुलासा नहीं हो पाया है।

प्रशासन ने प्रारंभिक सूचना के हवाले से बताया कि हरदा नगर के बाहरी क्षेत्र में बसी एक कॉलोनी में पटाखा फैक्ट्री संचालित है। इसके दो तीन गोदाम भी हैं, जहां पर विस्फोटक सामग्री रखी हुई है। दिन में लगभग साढ़े ग्यारह बजे अचानक फैक्ट्री में विस्फोट के बाद आग लग गई। इसके बाद सिलसिलेवार विस्फोट हुए।

विस्फोट की आवाज और कंपन कई किलोमीटर क्षेत्र में सुने और महसूस किए गए। प्रशासन ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ कराया और हरदा के सभी दमकल वाहनों के अलावा आसपास के जिलों से भी दमकल वाहन और कर्मचारियों को बुलाया गया। भोपाल और इंदौर से भी विशेषज्ञों की टीम हरदा रवाना कर दी गई है। इस बीच प्रशासन ने इस घटना में छह लोगों की मृत्यु और कम से कम 50 लोगों के घायल होने की पुष्टि की है।

## देश की सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार का बड़ा फैसला, भारत–म्यांमार सीमा पर लगाई जाएगी बाड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार ने समूची भारत–म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने का निर्णय लिया है और वह सीमाओं को अभेद्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। अमित शाह ने मंगलवार को यहां एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सरकार ने पूरी 1643 किलोमीटर लंबी भारत–म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि सीमा पर बेहतर निगरानी की सुविधा के लिए सीमा पर एक गश्ती ट्रैक भी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीमा की कुल लंबाई में से मणिपुर के मोरेह में 10 किमी की दूरी पर पहले ही बाड़ लगाई जा चुकी है। इसके अलावा, हाइब्रिड सर्विलांस सिस्टम (एचएसएस) के माध्यम से बाड़ लगाने की दो पायलट परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। इसके तहत अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर में प्रत्येक 1 किमी की दूरी पर बाड़ लगायी जायेगी।

## महाराष्ट्र की सियासतः चुनाव आयोग से शरद पवार को बड़ा झटका, भतीजे के पक्ष में आया फैसला, अजित गुट ही असली एनसीपी

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र की सियासत को लेकर बड़ा फैसला आया है। चुनाव आयोग ने अजित पवार वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को ही असली एनसीपी करार दिया है। फैसला दिग्गज राजनेता और अजित के चाचा शरद पवार के लिए बड़ा झटका है। जानकारी के मुताबिक, छह महीने से अधिक समय तक चली 10 से अधिक सुनवाई के बाद चुनाव आयोग ने एनसीपी में विवाद का निपटारा किया और अजीत पवार के नेतृत्व वाले गुट के पक्ष में फैसला सुनाया। अब एनसीपी का नाम और चुनाव चिह्न 'घड़ी' अजित पवार के पास रहेगा।चुनाव आयोग ने अपने नए राजनीतिक गठन के लिए एक नाम का दावा करने और आयोग को तीन प्राथमिकताएं देने का एक बार का विकल्प प्रदान किया है। रियायत का उपयोग 7 फरवरी, 2024 को दोपहर 3 बजे तक किया जा सकता है।बीते साल महाराष्ट्र की सियासत में बड़ा उलटफेर हुआ, जब अजित पवार ने एनसीपी से बगावत कर दी। पार्टी में फूट के बाद एनसीपी पर अधिकार पर चाचा–भतीजे आमने–सामने आ गए। अजित पवार गुट ने चुनाव आयोग में हलफनामा दायर किया। वहीं, शरद पवार खेमे ने भी चुनाव आयोग में एक कैविएट दायर कर अनुरोध किया कि पार्टी की लड़ाई के संबंध में कोई भी निर्देश पारित करने से पहले उनकी बात सुनी जाए।

## राजभवन देहरादून में 'वसंतोत्सव' 1 मार्च से होगा आयोजित

# वसंतोत्सव में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जायः राज्यपाल

**देहरादून(सं)।** राजभवन देहरादून में हर वर्ष आयोजित होने वाला वसंतोत्सव इस वर्ष दिनांक 01 से 03 मार्च को आयोजित किया जाएगा। मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि वसंतोत्सव को पूरे उमंग और उत्साह के साथ एक उत्सव के रूप में आयोजित किया जाय जिसमें अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि यह आयोजन राजकीय न रहकर इसमें प्राइवेट पार्टनरशिप को बढ़ावा दिया जाय और आम जनमानस इस आयोजन से जुड़े। राज्यपाल ने इस आयोजन का समुचित प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वसंतोत्सव के आयोजन को लोकल से ग्लोबल तक पहुंचाने के प्रयास किए जाएं।

राज्यपाल ने कहा कि वसंतोत्सव के माध्यम से उत्तराखण्ड में फ्लोरीकल्चर को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि पुष्प प्रदर्शनी को व्यावसायिक गतिविधियों से जोड़ा जाना आवश्यक है। यहां के पुष्पों की



प्रदेश में ही नही अपितु देशभर में मार्केटिंग की जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि यह आयोजन राज्य के दूर-दराज के पुष्पोत्पादन, जड़ी-बूटी, सगन्ध पौधों तथा अन्य जैविक उत्पादों की व्यावसायिक खेती से जुड़े काश्तकारों व उत्पादकों के लिए एक प्लेटफॉर्म के रूप में स्थापित होना चाहिए।

राज्यपाल ने निर्देश दिए कि वसंतोत्सव में आईएचएम व जीएमवीएन के साथ ही राज्य की महिला स्वयं सहायता समूहों के सौजन्य से फूड कोर्ट स्थापित किए जाएं जिसमें मुख्य रूप से हमारे पारंपरिक मोटे अनाज ''मिलेट'' को वरीयता दी जाए। उन्होंने कहा कि वसंतोत्सव के माध्यम से विशेष रूप से शहद उत्पादन को प्रोत्साहित किया जाएगा। राज्यपाल ने कहा कि पुष्पोत्पादन और कृषि गतिविधियों पर आधारित लगने वाले स्टॉल में महिलाओं की अधिकाधिक भागीदारी हो और उन्हें स्टॉल लगाने हेतु वरीयता दी जाय। बैठक में राज्यपाल ने इस आयोजन से संबंधित समुचित व्यवस्थाएं ससमय पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

बैठक में अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि पुष्प प्रदर्शनी में 15 विभिन्न श्रेणियों में प्रतियोगिताएं आयोजित की गई हैं। वसंतोत्सव में आई.टी.बी.पी, आई.एम.ए, पीएसी, स्काउट एंड गाइड, होमगार्डस द्वारा आकर्षक बैंड के माध्यम से प्रस्तुतियां दी जाएंगी। संस्कृति विभाग के सौजन्य से लोक कलाकारों द्वारा राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक भी प्रस्तुत की जायेगी। योगा और मार्शल आर्ट से संबंधित प्रदर्शन भी इस दौरान आयोजित होंगे।

वसंतोत्सव में पहली बार हाइड्रोपोनिक खेती तकनीक प्रदर्शन को भी शामिल किया गया है। जिसके लिए तीन पुरस्कार दिए जाएंगे। वहीं रूफ टॉप गार्डनिंग, बोनसाई गार्डनिंग, टेरेरियम और शहद प्रसंस्करण से संबंधित प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जायेगी। व्यावसायिक, निजी पुष्प उत्पादकों सहित विभिन्न सरकारी उद्यानों की पुष्प प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता, पुष्प आधारित रंगोली प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी। वसंतोत्सव में फूलों तथा प्राकृतिक सौन्दर्य पर आधारित फोटो प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी। पुष्प प्रदर्शनी, प्रतियोगिता हेतु विभिन्न श्रेणियों की कई प्रतियोगिताएं प्रस्तावित हैं, जिनमें कट फ्लावर, पौटेड प्लांट अरेंजमैंट, लूज फ्लावर अरेंजमैंट, हैंगिंग पॉट्स जैसी सभी प्रतियोगिताओं के साथ-साथ 'ऑन द स्पॉट फोटोग्राफी' भी आयोजित होगी।इस बैठक में सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, सचिव कृषि एवं उद्यान विनोद कुमार सुमन, अपर सचिव राज्यपाल स्वाति एस. भदौरिया, निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण दीप्ति सिंह, अपर निदेशक डॉ. आर.के.सिंह, वित्त नियंत्रक राज्यपाल डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय सहित पर्यटन, उद्यान, आई.टी.बी.पी, आई.एम.ए, ओ.एन.जी.सी, आई.एच.एम, जी.एम.वी.एन, पर्यटन, भारतीय डाक, वन विभाग, पुलिस, संस्कृति, तथा उद्यान आदि विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

## हिट एंड रनः डिलीवरी ब्वॉय को मारी टक्कर

**देहरादून।** फूड डिलीवरी ब्वॉयज को टक्कर मारकर फरार हुए कार चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी जेसीबी मालिक है। आरोपी का पता लगाने के लिए पुलिस को एक कार कंपनी की दून में हाल में बिकी कारों का डाटा भी खंगालना पड़ा। उसके जरिए पुलिस आरोपी तक पहुंच पाई। बीते 29 जनवरी को सुद्धोवाला स्थित महिला पालीटेक्निक के पास एक्सिडेंट हुआ था। अज्ञात ग्रे रंग की कार की टक्कर से जोमेटो फूड डिलीवरी ब्वॉय वतन सिंह निवासी गुरु नानक एंक्लेव सुद्धोवाला की मौत हो गई थी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि केस दर्ज होने पर दरोगा नरेंद्र सिंह ने जांच शुरू की। मौके से एक कार का शीशा और उसका कवर मिला। जांच में पता लगा कि यह शीशा मारुती की बोलेनो कार का है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज से हादसे के वक्त एक बिना नंबर की बोलेनो कार मौके से गुजरती दिखाई दी। पुलिस ने पिछले दो महीने में शहर में मारुती शोरूमों से बिकी बोलेनो कार की जानकारी जुटाई। सत्यापन में पता लगा कि अरुण कुमार (37) हाल निवासी किरायेदार कोटड़ा संतोर मूल निवासी युसुफखेड़ी तलबपुर, थाना बेहट जिला सहानपुर की कार से एक्सिडेंट हुआ था। हादसे के वक्त उनके मोबाइल की लोकेशन भी उक्त इलाके में मिली।

# 400 पार के लक्ष्य को जुटें कार्यकर्ताः शशांक रावत

**ऋषिकेश।** भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत का पहली बार ऋषिकेश आगमन पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान आतिशबाजी करते हुए कार्यकर्ताओं ने शशांक पर फूलों की वर्षा भी की। रावत ने कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव में जुटकर देश में 400 का आंकड़ा पार करने में सहयोग की अपील की।

मंगलवार को रेलवे रोड स्थित पार्टी कार्यालय में स्वागत के बाद प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत ने ऋषिकेश जिले में मोर्चा के कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने अभी तक केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और पार्टी से युवाओं को जोड़ने के लिए किए कार्यों का फीडबैक लिया।

भाजयुमो पदाधिकारियों ने उन्हें सभी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। समीक्षा बैठक में शशांक ने कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव में पार्टी के 400 सीटों को पार करने के लक्ष्य से अवगत कराया। उनमें जोश भरते हुए चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। मौके पर भाजपा



जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अंकित बिजल्वाण, शिवम टुटेजा, विकास नेगी, हिमांशु चमोली, हिमांशु भट्ट, जगावर सिंह, सुजीत यादव, नवीन पोखरियाल, अक्षय खैरवाल, वीरेंद्र पंवार, मनीष भट्ट, आयुष रावत, संदीप शर्मा, निखिल बड़थ्वाल, जयम शर्मा, सागर गिरि, नरेश रावत, नितिन कोठरी, मनिंदर सिंह, आशीष कंडारी, शरद तोमर, अभिनव पाल, राहुल बगियाल आदि मौजूद रहे।

## नौकरानी ने लगाया था कर्नल पर रेप का आरोप, अब पीडिता का फोन मिल रहा लगातार बंद

**देहरादून।** सेना के कर्नल के खिलाफ रेप का केस दर्ज कराने वाली उनकी पूर्व नौकरानी के बाद देहरादून पुलिस की टेंशन भी बढ़ गई है। मामले की जांच कर रही पुलिस ने जब नौकरानी से संपर्क करने की कोशिश की तो उसका फोन बंद हो गया है। केस में जांच शुरू करने के लिए पुलिस को सबसे पहले नौकरानी के बयान दर्ज करने हैं। इसके बाद कर्नल की तैनाती और यूनिट का पता लगाया जाएगा। अंबाला निवासी महिला ने तहरीर दी कि वह 2015 में दून में झुग्गी बस्ती में रहकर घरों में झाड़ू और खाना बनाने का काम करती थी। कुछ समय उन्होंने भारूवाला क्लेमेनटाउन में कर्नल गौरव सिंह गोसाईं के घर पर भी काम किया। उन्होंने बताया कि एक दिन कर्नल की पत्नी दीपाली बच्चों को लेकर शहर से बाहर गईं थी। आरोप है कि इस दौरान घर में अकेले रह रहे कर्नल ने उसके साथ दुष्कर्म किया। किसी से जिक्र करने पर जान से मारने की धमकी दी। महिला इससे डर गई और अंबाला लौट गई।पुलिस के अनुसार, महिला ने बताया कि 17 सितंबर 2023 को वो किसी काम से देहरादून आई थी। यहां अचानक बल्लूपुर चौक के समीप उन्हें कर्नल की पत्नी दीपाली मिल गई।दीपाली ने उस वक्त अचानक काम छोड़ने का कारण पूछा तो महिला ने आपबीती सुना दी।

# मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने दिए मेडिकल कॉलेजों के निर्माण के प्रोजेक्ट्स को हॉलिस्टिक अप्रोच के साथ पूरा करने के निर्देश

**देहरादून(सं)।** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने राज्य में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेजों एवं अस्पतालों के साथ ही उनमें डॉक्टर्स, नर्सिंग ऑफिसर्स, पैरामेडिकल एण्ड एन्सिलरी स्टाफ के पद सृजन आदि की प्रक्रिया भी साथ-साथ संचालित करने की हिदायत स्वास्थ्य विभाग, वित्त विभाग एवं कार्मिक विभाग को दी है। उन्होंने कहा कि इस तरह से निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेजों का समय पर संचालन शुरू हो पाएगा। मुख्य सचिव ने हरिद्वार मेडिकल कॉलेज में 216 तथा पिथौरागढ़ मेडिकल कॉलेज में 216 डॉक्टर्स के पदों से सम्बन्धित स्थिति को तत्काल स्पष्ट करने के निर्देश वित्त विभाग को दिए हैं। उन्होंने मेडिकल कॉलेजों के निर्माण के प्रोजेक्ट्स को हॉलिस्टिक अप्रोच के साथ पूरा करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए।

मेडिकल टूरिज्म की बेहतरीन संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए सीएस



रतूड़ी ने पिथौरागढ़ मेडिकल कॉलेज तथा नैनीताल के भवाली स्थित टीबी सेनेटोरियम के सम्बन्ध में एक बैठक पर्यटन विभाग के साथ आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में विधानसभा भवन में राजकीय मेडिकल कॉलेज पिथौरागढ़ के ढांचे के गठन में राजकीय मेडिकल कॉलेज राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती के दृष्टिगत मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने राज्य के मैदानी जिलों के समान ही पर्वतीय जिलों में बनने वाले मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों में भी पर्याप्त संख्या में डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टाफ तथा अन्य स्टाफ की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश स्वास्थ्य, वित्त एवं कार्मिक विभाग को दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि पिथौरागढ़ मेडिकल कॉलेज से न केवल पिथौरागढ़ जनपद को बल्कि जनपद चंपावत तथा जनपद बागेश्वर व अल्मोड़ा के एक बड़े भाग की आबादी को स्वास्थ्य सेवाएं मिलेगी। साथ ही पड़ोसी देश नेपाल द्वारा भी यहाँ की स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने की संभावना बढ़ जायेगी। पिथौरागढ़ मेडिकल कॉलेज का संचालन आरम्भ होने के बाद इसके आस-पास के क्षेत्रों में चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं अन्य सम्बन्धित सुविधाओं, उद्यमों के विकास एवं स्वरोजगार के नए अवसरों की संभावनाएं भी बढ़ेगी।

बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य विभाग को हरिद्वार जिले में मातृ मृत्यु दर को कम करने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्भवती माताओं एवं नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य के फॉलोअप हेतु ट्रैकिंग सिस्टम बनाने, सभी गर्भवती महिलाओं की अनिवार्य प्रसवपूर्व जांच (एएनसी ) करने, सभी गर्भवती माताओं का संस्थागत प्रसव करवाने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने मातृ मृत्यु दर की दृष्टि से हाई रिस्क एरियाज में आशा वर्कर हेतु विशेष ऑरियेण्टेशन प्रोग्राम संचालित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने आशा वर्कर्स के कार्यों के मूल्यांकन में मातृ मृत्यु दर को भी शामिल करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में सचिव डा0 आर राजेश कुमार, वी. षणमुगम सहित स्वास्थ्य, वित्त, कार्मिक एवं न्याय विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# सड़क पर संचालित हो रहे गैराज, सरकारी सिस्टम बना है मूकदर्शक

## अतिक्रमण के नाम पर केवल रेहड़ी-ठेली वालों पर ही होती है कार्रवाई , लगातार बढ़ रही समस्या के कारण आमजन का पैदल चलना भी हुआ मुश्किल

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : शहर में अतिक्रमण के नाम पर सरकारी सिस्टम को केवल रेहड़ी-ठेली वाले ही नजर आते हैं। जबकि, मुख्य सड़कों पर नियमों के विरुद्ध संचालित हो रहे गैराज पर किसी का भी ध्यान नहीं जा रहा। नतीजा, मरम्मत के लिए सड़क पर खड़े वाहनों के कारण आमजन का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। कई बार सड़कों पर घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है।

गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार की सड़कों पर करीब 70 से अधिक गैराज संचालित हो रहे हैं। अधिकांश गैराज राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ ही अन्य मुख्य मार्गों पर चल रहे हैं।

गैराज संचालक मरम्मत के लिए आने वाले भारी वाहनों को सड़क किनारे खड़ा कर देते हैं। मैकेनिक सड़क पर ही वाहनों की मरम्मत का कार्य करते हैं। जिससे पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। साथ ही पैदल चलने वालों को भी दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। सबसे बुरी स्थिति पटेल मार्ग व सिताबपुर-मानपुर मार्ग पर बनी रहती है।



कोटद्वार के पटेल मार्ग पर सड़क किनारे रखा गया वाहन मरम्मत का सामान

### यह बनाई गई थी योजना

एक दशक पहले तत्कालीन नगर पालिका ने सड़क किनारे संचालित हो रहे गैराज को मोटर नगर स्थित खाली दुकानों में शिफ्ट करने की व्यवस्था बनाई थी। उम्मीद थी कि इस योजना से गैराज संचालकों को भी एक स्थान मिल जाएगा और यातायात व्यवस्था में भी सुधार होगा। नगर पालिका ने लाखों की लागत से मोटर नगर में गैराज भी बनाए। लेकिन, सड़क किनारे चल रहे गैराज आज भी आमजन के लिए मुसीबत का सबब बने हुए हैं। उधर, मोटर नगर में गैराज के लिए चिह्नित दुकानें आज भी बंद पड़ी हैं।

# अवैध खनन से गिरा मालन नदी का पुल, दोषियों के खिलाफ हो कार्रवाई

## शहर की समस्याओं को लेकर दूसरे दिन भी उक्रांद ने दिया धरना

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : मालन पुल गिरने के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल ने दूसरे दिन भी धरना दिया। कहा कि सरकार ने अब तक मालन पुल में अवैध खनन करवाने वाले दोषियों के खिलाफ जांच तक शुरू नहीं करवाई है। ऐसे में जनता में भारी आक्रोश बना हुआ है। उक्रांद ने जल्द समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

मंगलवार को कार्यकर्ता व पदाधिकारी मिलन चौक में एकत्रित हुए। यहां उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरना दिया। उक्रांद के मार्गदर्शन बोर्ड के अध्यक्ष डा. शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि राज्य गठन के बाद सत्ता तक पहुंचने वाली राष्ट्रीय पार्टियों ने विकास के नाम पर केवल जनता को गुमराह किया है। राज्य गठन के बाद भी अब तक लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग का निर्माण नहीं हो पाया। शहर की सड़कें गड्ढों के बीच खोती जा रही हैं। बिजली कटौती ने शहरवासियों के समक्ष कई समस्याएं उत्पन्न कर दी हैं। सबसे अधिक परेशानी उद्योगों को हो रही है। मालन नदी का पुल अवैध खनन की भेंट चढ़ गया था। लेकिन, अब तक अवैध खनन में लिप्त नेता व अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। कहा कि शहर के बीच से होकर गुजरने वाली नदियों में खनन व चुगान का कार्य वैज्ञानिक तरीके से किया जाना चाहिए। साथ ही पुलों की सुरक्षा पर भी गंभीरता से कार्य होना चाहिए। इस मौके पर केंद्रीय महामंत्री सत्यप्रकाश भारद्वाज, दीपक रावत, पुष्कर सिंह रावत, प्रवेश चंद्र नवानी, राजेंद्र प्रसाद पंत, पितृशरण जोशी, सर्वेंद्र काला, सत्यपाल सिंह नेगी, भारत मोहन काला, सतपाल नेगी, प्रकाश बमराड़ा, कमलेश कुकरेती, दीपक पोखरियाल, एचसी रौतेला, हरीश डोबरियाल, जीत सिंह, गोविंद सिंह आदि मौजूद रहे।

# बारिश से वन विभाग को मिली राहत

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : फायर सीजन को लेकर वन महकमे की तैयारियां शुरू हो गई। हालांकि सर्द मौसम में फरवरी में पहले सप्ताह बदले मौसम के मिजाज ने जंगलों की आग को लेकर वन विभाग को कुछ राहत जरूर मिल गई। पौड़ी जिले में जंगलों को आग से बचाने के लिए करीब ढाई सौ क्रू स्टेशन बनाए गए हैं। वहीं वन विभाग के करीब दो हजार फायर वाचर जंगलों की आग को बुझाने के लिए डिवीजन वार तैनात रहेंगे।

हर साल 15 फरवरी फायर सीजन की शुरूआत होती है। जंगलों को आग से बचाने के लिए जनजागरूकता अभियान भी चलाए जाते हैं। वहीं हंस फाउंडेशन ने भी इस बार एक हजार से अधिक फायर वाचर बनाए हैं। इन फायर वाचरों का बीमा भी किया गया है। जयहरीखाल से लेकर द्वारीखाल की ग्राम पंचायतों को फाउंडेशन ने लिया है। अभी यमकेश्वर ब्लाक में भी बेसिक सर्वे हो रहा है। बीते साल जंगलों की आग को लेकर विभाग को कुछ राहत जरूर थी।

बीते साल 105 वनाग्नि की घटनाएं सामने आईं, जिसमें तब 153.44 हेक्टेअर जंगल खाक हो गया था। लेकिन चिंता इस बात की भी है कि न सिर्फ गर्मियों में बल्कि सर्द मौसम में भी जंगल आग से धधक रहे हैं। बीते महीनों में जंगलों में आग देखी गई। हालांकि डीएफओ गढ़वाल स्वपनिल अनिरुद्ध का कहना है कि विभाग ने फायर सीजन को देखते हुए कंट्रोल बर्निंग भी कई जगहों पर की है, ताकि बाद में जंगलों की आग पर अंकुश लगाया जा सके। ये हर साल होता है। लेकिन इस बार सर्द मौसम में बारिश बेहद कम हुई है। ऐसे में आगे फायर सीजन को लेकर आवश्यक कदम उठाएं जा रहे है। फायर वाचरों की भी तैनाती की जाएगी। इस बीच हुई बारिश से काफी राहत मिली है।

# नितिन बलोदी ने पास की राष्ट्रीय साधन सह योग्यता परीक्षा

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : दुगड्डा ब्लाक के अंतर्गत राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय झटरी में आठवीं कक्षा में अध्ययनरत छात्र नितिन बलोदी ने राष्ट्रीय साधन सह योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र व विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। यह जानकारी देते हुए विद्यालय शिक्षक सुरदीप गुसाईं, राकेश वर्मा और प्रकाश चौधरी ने बताया कि नितिन ने पिछले साल आठ दिसंबर को राइंका कोटद्वार में आयोजित परीक्षा में 105 अंक हासिल किए। कहा कि छात्र की सफलता से विद्यालय का नाम रोशन हुआ है।

# क्विज प्रतियोगिता में राइका चाकीसैंण रहा अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि।

**थलीसैंण** : समग्र शिक्षा अभियान के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज चाकीसैण में किया गया। प्रतियोगताा में अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज चाकीसैण प्रथम, राजकीय इंटर कॉलेज मासो द्वितीय और राजकीय इंटर कॉलेज चौरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।

ब्लॉक विज्ञान समन्वयक रघुबीर सिंह रावत प्रवक्ता जीव विज्ञान ने बताया कि प्रतियोगिता में ब्लॉक के इण्टर कॉलेज एवं हाईस्कूल सहित 32 विद्यालयों के टीम प्रभारी अध्यापकों सहित 92 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।




क्विज प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई। पहला सत्र स्क्रीनिंग परीक्षा, जिसमे श्रेष्ठ 6 टीमों का चयन किया गया। दूसरा चरण मुख्य क्विज, जिसमें पांच राउंडस रखे गये। प्रतियोगिता की विजेता टीमों को मुख्य अतिथि पुनवासी भारती प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज तरपालीसैण, विशिष्ट अतिथि राम सिंह चौहान प्रभारी प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज चौरा, आयोजक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य श्रीमती रजनी बाला ने पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि ने छात्रों को विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने और पढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर पदमेंद्र रौथान, धर्मेंद्र गुसाईं, ओम प्रकाश बोरा, सतीश कंडारी सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

# बीडीसी बैठक में छाई रही मूलभूत समस्याएं

## राकंइंकॉ एकेश्वर के प्रभारी प्रधानाचार्य को पद से हटाने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

**सतपुली** : एकेश्वर ब्लॉक की क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लॉक प्रमुख नीरज पांथरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने पानी, बिजली सहित अन्य समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। लोक निर्माण विभाग पाबौ, उरेडा, सेवायोजन, पर्यटन, जिला पंचायत, मत्स्य, दूरसंचार, परिवहन विभाग के अधिकारी के बैठक में न पहुंचने पर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में राशन कार्डो की जांच करने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने राजकीय कन्या इंटर कॉलेज एकेश्वर के प्रभारी प्रधानाचार्य को पद से हटाने की मांग की।

मंगलवार को आयोजित बैठक में जल संस्थान की चर्चा के दौरान प्रधान तेजपाल सिंह पंवार ने अभी तक गांव में पेयजल कनेक्शन न लगाने का मुद्दा उठाया। कहा कि अभी तक गांव में पेयजल कनेक्शन नहीं लगाए गए है, जिस कारण ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का समाना करना पड़ रहा है।



बीडीसी बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधि।

इस दौरान प्रधान रिंगवाड़ी पूरण सिंह ने भी कनेक्शन नहीं लगाने की बात कही। कहा कि पांथर धर्मपुर में टैंक का वाल फ्री होने के कारण नौगांवखाल में पानी की आपूर्ति बाधित है। जल संस्थान जल्द से जल्द इस समस्या का निराकरण करें। प्रधान गुराड तल्ला किरन रावत ने कहा कि जल संस्थान की ओर से अन्दकिल पेयजल योजना पर एक वर्ष से कार्य नहीं किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। उद्यान विभाग की चर्चा के दौरान प्रधान तेजपाल सिंह पंवार ने सहायक उद्यान विभाग अधिकारी की अध्यक्षता में सप्ताह में एक दिन एकेश्वर में बैठक करने की मांग की। जिस पर उद्यान अधिकारी ने सम्बन्धित को सप्ताह में एक दिन बैठक करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख नीरज पांथरी ने पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को एकेश्वर ब्लॉक के लिए स्वीकृत पांचों सड़कों का कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को दिव्यांग शिविर लगाने, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को शिविर लगाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सदस्य सीमा सजवाण, ज्येष्ठ उप प्रमुख दिशार्थ नेगी, क्षेत्र पंचायत सदस्य धर्मवीर सिंह, रंजना बडोला, नेहा, काजल, गौरव, प्रधान पंकज पोखरियाल, प्रधान विकास रावत सहित जिला समाज कल्याण अधिकारी, सहायक अभियन्ता जल संस्थान सतपुली, सहायक अभियंता लघु सिंचाई विभाग, डॉ. आरती बहल प्रा.चि. पाटीसैंण आदि मौजूद थे। बैठक का संचालन खंड विकास अधिकारी धनपाल सिंह नेगी, सहायक विकास पंचायत अधिकारी प्रदीप सुन्दरियाल ने किया।

# सोलह छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति की पहली किस्त बांटी

**पौड़ी** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के तहत 16 छात्र-छात्राओं को डीबीटी के माध्यम से पहली किस्त बांटी गई। छात्रवृत्ति प्रभारी डा. विवेक रावत ने बताया कि इन 16 छात्र-छात्राओं का चयन उनकी पूर्व कक्षा के अंकों के आधार पर किया गया। जिसमें बीए प्रथम सेमेस्टर से सुमन, शोभा ममगाईं, सुमनलता, बीएससी प्रथम सेमेस्टर से संदीप सिंह, बीए तृतीय सेमेस्टर से रिंकी, रमेश सिंह, राहुल सिंह, बीएससी तृतीय सेमेस्टर से कशिश पोखरियाल, बीएससी तृतीय वर्ष से दीक्षा, ईशा गुसाईं, तनु, एमए हिंदी तृतीय सेमेस्टर से साक्षी, सुष्मिता, एमए अंग्रेजी तृतीय सेमेस्टर से ज्योति, अंजली और एमए राजनीति विज्ञान तृतीय सेमेस्टर से हिमानी का चयन हुआ है। इस कार्य को प्राचार्य डा. रेनू रानी बंसल के मार्गदर्शन में किया गया। छात्रवृत्ति समिति के अन्य सदस्य डा. विकास प्रताप सिंह, डा. गिरीश चंद्र आर्य, डा.विनोद कुमार, राकेश सिंह, सुरेंद्र सिंह नेगी ने सहयोग दिया।

# लोकसभा चुनाव के दौरान जनपद की सभी सीमाओं पर रहेगी कड़ी चौकसी

## उम्मीदवारों के खर्चे पर निगरानी टीमें रखेंगी पैनी नजर

**चमोली** : लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में उम्मीदवारों द्वारा किए जाने वाले व्यय के अनुवीक्षण कार्य हेतु नियुक्त सभी टीमों के कार्मिकों को मंगलवार को पीजी कॉलेज गोपेश्वर में प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य कोषाधिकारी मामूर जहां ने कार्मिकों को व्यय प्रेक्षक, सहायक व्यय प्रेक्षक, वीडियो निगरानी टीम, अवलोकन टीम, उड़नदस्ता, एमसीएमसी, लेखा टीम, शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष और कॉल सेंटर के संबंध में कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया।

मुख्य कोषाधिकारी ने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 के अनुसार लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्येक उम्मीदवार को उसके नामांकन की तारीख से निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख के मध्य उसके या निर्वाचन एजेंट द्वारा उपगत या प्राधिकृत किए गए सभी व्ययों का पृथक एवं सही लेखा रखना अनिवार्य है। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के



प्रत्येक उम्मीदवार के छाया प्रेक्षण रजिस्टर और साक्ष्य फोल्डर के रख-रखाव में लेखा टीमों को सहायक व्यय प्रेक्षक के मार्गदर्शन में कार्य करना होगा। लोकसभी चुनाव लड़ने वाले प्रत्येक उम्मीदवार की व्यय सीमा 95 लाख निर्धारित है। निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए जिले में वीडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन, उड़न दस्ते, स्थैतिक निगरानी टीम, नियंत्रण कक्ष, एमसीएमसी, लेखा टीम, जिला अनुवीक्षण समिति और लिकर मॉनिटरिंग टीमें गठित की गई है। प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक टीम के निर्वाचन दायित्वों एवं व्यय अनुवीक्षण कार्यो के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

मुख्य कोषाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन के दौरान 50 हजार से अधिक की नगदी ले जाने पर संबंधित दस्तावेज रखना अनिवार्य होगा और 10 लाख से अधिक नकदी पाए जाने पर आयकर विभाग के नोडल अधिकारी को सूचना दी जाएगी। जब्द नगदी को कोषागार में जमा कराया जाएगा। उन्होंने निगरानी टीमों को जांच के दौरान विनम्रता पूर्वक व्यवहार करते हुए कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य जनता को अनावश्यक परेशान करना नहीं है, बल्कि गैर-कानूनी गतिविधियों को रोकना है। उन्होंने जांच अधिकारियों को किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल कन्ट्रोल रूम को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। एटीओ महिपाल सिंह गढिया ने आयोग द्वारा व्यय लेखा हेतु निर्धारित प्रारूपों की जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचन में हो रहे सभी प्रकार के व्यय की अनिवार्य रूप से रिपोर्टिंग होनी आवश्यक है।

निर्वाचन के दौरान प्रत्याशियों द्वारा किये जा रहे व्यय पर पैनी नजर रखते हुए पोस्टर, बैनर, प्रचार में उपयोग होने वाले वाहनों तथा अन्य चुनाव सामग्री पर होने वाले खर्च का सम्पूर्ण लेखा तैयार किया जाए। उन्होंने व्यय लेखा टीम को सतर्कता एवं निष्पक्षता के साथ कार्य करते हुए आयोग के दिशा निर्देशानुसार निर्धारित प्रपत्रों में व्यय लेखा विवरण की पूरी रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा। इस दौरान सी विजिल एप पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण के संबंध में भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान व्यय अनुवीक्षण कार्य हेतु नियुक्त सभी टीमों के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित थे। (एजेंसी)

## कार्यकर्ता बूथों को मजबूत बनाने को करें काम

**नई टिहरी** : टिहरी लोकसभा के कांग्रेस के प्रभारी मंत्री प्रसाद नैथानी ने कोटी कालोनी वार्ड एक में बूथ लेबल कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की बैठक ली। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी बूथों को मजबूत करने का काम तेजी से करें। प्रदेश में पांच सीटों पर कब्जा करने के लिए हरसंभव प्रयास करें। जनता का मूड परिवर्तन का है। ऐसे में जनता से समन्वय बनाकर उत्तराखंड की पांचों सीटों के लिए कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को तत्परता से काम करना है। इस मौके पर कांग्रेस के शहर अध्यक्ष कुलदीप सिंह पंवार प्रभारी नैथानी को आश्वस्त किया कि लोकसभा चुनाव में सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी पूरी तत्परता से काम कर भाजपा की नाकामियों को जनता के बीच रखेंगे। कहा कि विकास के मुद्दों को दरकिनार का भाजपा जनता को धर्म व जाति के नाम पर बर्गलाने का काम कर रही है। इस मौके पर बोट यूनियन अध्यक्ष बीरेंद्र नेगी, पूर्व प्रधान बालम पंवार, पूर्व व्यापार मण्डल अध्यक्ष दिलबर पंवार, मनोज रावत, प्रमोद नेगी, गब्बर रावत, मनीष नेगी, रणबीर पंवार, ताजीम हुसैन, विकास, प्रदीप, अंकित, अनूप पंवार, नीरज रावत, बीरेन्द्र दत्त, आकाश अरोड़ा, पवन पंवार, जगदीप आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## ग्रामीणों ने पूर्ण विस्थापन की उठाई मांग



**नई टिहरी** : ग्राम तल्ला-उप्पू के विस्थापन को लेकर ग्रामीणों ने डीएम मयूर दीक्षित से मुलाकात कर कार्यवाही में गति लाने की मांग की। कार्यवाही की शिथिल गति से ग्रामीणों में रोष बना हुआ है। मंगलवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता खेम सिंह चौहान के नेतृत्व में तल्ला-उप्पू के ग्रामीण डीएम दीक्षित ने मिले। डीएम को पत्र सौंपते हुए ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम तल्ला उप्पू बांध से पूरी तरह से प्रभावित होने बाद भी आंशिक में रखा गया है। जबकि ग्रामीणों की संपूर्ण भूमि व भवन टिहरी झील में समा चुके हैं। जिससे ग्रामीणों के सामने आजीविका की भी समस्या बनी हुई है। इसलिए ग्रामीणों की विभिन्न तरह की परेशानियों का देखते पुर्नवास निदेशालय भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के अनुरूप हुए निर्णय के तहत ग्रामीणों के पक्ष में कार्यवाही करे। ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। डीएम से मिलने वालों में प्रधान सुशीला चौहान, डीएन नौटियाल, सोबत सिंह नेगी, मसरी देवी, उर्मिला देवी, सीता देवी, बबीता देवी, अनुदेवी आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

## सिलोगी में कोचिंग सेंटर शुरू

**नई टिहरी** : सर्वजन हिताय संस्था ने कोचिंग सेंटर की शुरुआत सिलोगी गांव गरीब युवाओं के लिए की है। सेंटर की मदद से बच्चों को रोजगार के लिए प्रेरित करने के साथ दोहरा सर्वागीण विकास का लाभ दिया जाएगा। संस्था की अध्यक्ष निवेदिता का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सही दिशा न मिल पाने के कारण युवा सही राह रोजगार नहीं पकड़ पाते हैं। इसका ध्यान रखते हुए उनकी संस्था ने सिलोगी गांव में कोचिंग सेंटर की शुरुआत की है। जिसकी मदद से युवाओं को रोजगार की ओर जाने की राह दिखाई जाएगी। (एजेंसी)

## देवप्रयाग में भारी बारिश से मकान ढहा

**नई टिहरी** : तीर्थनगरी के बाहबाजार में सोमवार रात भारी बारिश से एक मकान भरभराकर ढह गया। गनीमत रही कि, उस समय मकान में कोई मौजूद नहीं था। मकान का मलबा यहां सीवरेज लाइन के ऊपर गिरने से वह भी टूट गयी। देवप्रयाग नगर के पौड़ी जिला स्थित वार्ड चार में सोमवार रात करीब साढ़े दस बजे एक मकान भारी बारिश से जमींदोज हो गया। इससे आस पास के घरों में रहने वाले लोगों में हड़कम्प मच गया।

## वन विभाग ने फायर सीजन को लेकर तैयारियां की शुरु

### बनाएं 23 क्रू स्टेशन, 5 अधिकारी और 180 फील्ड कर्मी किए तैनात

**चमोली** : केदारनाथ वन विभाग की ओर से चमोली में फायर सीजन की तैयारियां शुरु कर दी गई है। विभाग की ओर से 15 फरवरी से शुरु होने वाले फायर सीजन को लेकर जहां विभागीय स्तर पर क्रू स्टेशनों में व्यवस्थाएं की गई हैं। वहीं अधिकारियों व कार्मिकों की तैनाती की गई है। विभाग की ओर से वनाग्नि की रोकथाम के लिये जन सामान्य से भी सहयोग लिया जा रहा है।

केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी अभिमन्यु ने बताया कि जिले में वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए प्रभाग की ओर से 23 क्रू स्टेशन बनाए गए है। इसके साथ ही प्रभाग की चार रैंज में 5 अधिकारियों के साथ ही 180 फील्ड कर्मचारियों की तैनाती की गई है। सभी क्रू स्टेशनों में वनाग्नि की रोकथाम के लिए उपयोगी सामग्री रखने के साथ ही 4 रैंज कार्यालयों में एक-एक वाहन तैनात किए गए हैं। बताया कि फायर सीजन के दौरान आवश्यकता पड़ने पर अन्य वाहनों की तैनाती की व्यवस्था भी गई है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय वन अधिनियम 2001 के अनुसार वनों में आग लगाना दंडनीय अपराध है। जिसके लिए दो वर्ष तक के कारावास के साथ ही पांच हजार तक के दंड का प्रावधान है। इसके साथ ही संरक्षित वन क्षेत्र में आग लगाने पर दो वर्ष तक के कारावास के साथ ही 10 हजार के अर्थदंड का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि वनाग्नि की रोकथाम के लिए जन सहयोग आवश्यक है। बताया कि वनाग्नि की घटनाओं में जानकारी देने वाले व्यक्ति का नाम विभाग की ओर से गोपनीय रखा जाता है। ऐसे में वनाग्नि की जानकारी विभाग को देकर जन सामान्य विभागीय सहयोग कर सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने लोगो जलती सिगरेट, बीड़ी या दियासिलाई को वन क्षेत्र में न फेंकने, समारोह आदि में वनों के समीप पटाखों का उपयोग न करने, वन क्षेत्रों में पिकनिक के दौरान खाना बनाने के आग का उपयोग न करने की बात कही है। (एजेंसी)

## चिलेड़ी सिंचाई हौज से ग्रामीणों की खेती हो रही आबाद

**नई टिहरी** : ब्लॉक कीर्तिनगर के चिलेड़ी गांव में पीएम सिंचाई योजना व जिला योजना की कुल 7.5 लाख की धनराशि से पुराने हौज का जीर्णोद्धार जिला प्रशासन द्वारा किया गया है। जिससे आज यह सिंचाई हौज ग्रामीणों की खेती को गुलजार कर रहा है। चिलेड़ी गांव की सिंचाई की परेशानी को देखते हुए कृषि विभाग व जिला प्रशासन ने सूझबूझ का परिचय देते हुए पुराने हौज का जीर्णोद्धार किया जिसमें वित्तीय वर्ष 2022-23 में पीएम कृषि सिंचाई योजना की पांच लाख और जिला योजना की 2.5 लाख की धनराशि खर्च की गई। हौज को पूरी तरह तैयार कर पानी का बेहतर एकत्रीकरण किया गया है। जरूरत पड़ने पर ग्रामीणों ने इससे खेतों की सिंचाई की। जिससे खेती खासी लाभान्वित हुई। सिंचाई हौज को लेकर कृषि अधिकारी अभिलाषा भट्ट ने बताया कि 146250 लीटर की क्षमता रखने वाला यह सिंचाई टैंक दूर दराज के कई गांवों की कृषि भूमि को सिंचित कर रहा है। जिससे किसानों की खेती में 20 से 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस तरह के प्रयोग अन्य क्षेत्रों में किए जा रहे हैं। जिसमें नरेन्द्रनगर की ग्राम थान विडोन में कृषि विभाग ने जिला योजनान्तर्गत सिंचाई टैंक की मरम्मत का कार्य 4 लाख की लागत से किया है।

## अब एक क्लिक पर आपके पास पहुंच जाएगा होमगार्ड जवान



**नई टिहरी** : लंबगांव होमगार्ड विभाग के जवानों ने द्रुत मोबाइल ऐप का प्रचार-प्रसार को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। होमगार्ड के अधिकारियों व जवानों ने प्रदेश सरकार की ओर से आपातकाल के समय राहत के लिए लांच किए गए द्रुत ऐप को लेकर लोगों को जानकारी दी। मंगलवार को प्रतापनगर होमगार्ड प्लाटून कमांडर किशन लाल देश-वान व प्लाटून सार्जेंट सचिन थपलियाल ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से आम जनमानस के लिए द्रुत ऐप लांच किया गया है। जिससे आम जनमानस किसी भी आपातकालीन स्थिति जैसे दुर्घटना, लड़ाई, झगड़ा, चोरी आदि में तत्काल राहत के लिए ऐप उपयोग कर सकते हैं। बताया कि ऐप को उपयोग करने के लिए अपने मोबाइल पर नेट से डाउनलोड करना है। जिसके बाद ऐप को खोलते ही आप को मोबाइल के डिसप्ले पर द्रुत लिखा दिखेगा, जिसे आपातकालीन स्थिति में दबाना है, उसके दबते ही मैसेज नजदीकी होमगार्ड को जाएगा जिससे वह होमगार्ड एक मिनट के भीतर ही आपके पास पहुंच जाएगा।

होमगार्ड सचिन ने बताया कि ऐप को लेकर विद्या मंदिर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के साथ-साथ लंबगांव बाजार में भी लोगों को जागरूक किया गया। इसके साथ ही लोगों के फोन पर द्रुत ऐप डाउनलोड भी करवाया। (एजेंसी)

# बाबा साहेब के सपनों को पूरा कर रही भाजपा सरकार: डा.स्वराज

## भाजपा अनुसूचित मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री डा. स्वराज विद्वान ने की पत्रकारों से वार्ता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : भाजपा अनुसूचित मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री डा. स्वराज विद्वान का कोटद्वार पहुंचने पर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान डा. स्वराज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर के सपना को साकार कर रही है। केंद्र व प्रदेश सरकार लगातार अनुसूचित जाति के परिवारों के लिए कल्याकारी योजनाएं बना रही है। फरवरी माह में आगरा में उत्तर प्रदेश में होने वाले दलित सम्मेलन के लिए पूरे देश में दलित युवा संवाद कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

मंगलवार को डा. स्वराज विद्वान ने मालवीय उद्यान स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार गरीब व असहाय परिवारों के साथ ही अनुसूचित जाति के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। हम सभी को अधिक से अधिक इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। कहा कि फरवरी माह में आगरा में देश का सबसे बड़ा दलित सम्मेलन होना है। इसके लिए पूरे देश में दलित युवा संवाद सहित अन्य अभियान चलाए जा रहे हैं। सोमवार शाम उन्होंने आमपड़ाव में दलित युवाओं के साथ संवाद किया। दलित समाज सरकार की योजनाओं से खुश हैं। केंद्र की मोदी सरकार दलित, गरीब व असहाय लोगों की आवाज बनी है। पहली बार राजपथ पर डा. भीम राव अंबेड़कर की मनमोहक झांकी देखने को मिली। सरकार ने बाबा साहेब को सम्मान देते हुए भीम एप जारी की व बाबा साहेब के नाम पर डाक टिकट भी जारी किया। कहा कि सरकार की योजनाओं का सबसे अधिक लाभ अनुसूचित जाति के लोगों को मिला है।



भाजपा सरकार में दलित नेताओं को सबसे अधिक प्रतिनिधित्व मिला है। दलित समाज से आने वाले रामनाथ कोविंद को भाजपा ने राष्ट्रपति बनाकर इसका उदाहरण पेश किया है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह आर्य आदि मौजूद रहे।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में भी राइका जगतेश्वर के छात्रों ने मारी बाजी

**थलीसैंण** : श्री गायत्री परिवार हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में भी राजकीय इंटर कॉलेज जगतेश्वर के छात्र-छात्राओं ने परचम लहराया है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेन्द्र सिंह नेगी ने बताया कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में कक्षा 7 के छात्र अंकित कुमार, कक्षा 11 की छात्रा अर्चना ने अपने-अपने वर्ग में जनपद पौड़ी गढ़वाल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कक्षा 8 के छात्र प्रिंस कुमार ने अपने वर्ग में जनपद में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेन्द्र सिंह नेगी, रजनीश सेमवाल, दिवाकर पोखरियाल, फौजिया बानो, श्रीमती रजनी नेगी, मालती रावत, अशोक खण्डूरी, सुनील पंत, हर्षवर्धन भट्ट, शमशुद्दीन मलिक, शशि पंत, शशि बिष्ट, साजिद अली, सत्यपाल बिष्ट, विजय चौहान, संतोष सजवाण, पंकज रावत, शिक्षक अभिभावक संघ अध्यक्ष अमर सिंह, सदस्य राजेन्द्र रौथाण, आशा देवी, गुड्डी देवी, मनोहर रौथाण आदि ने छात्र-छात्राओं की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्ति करते छात्रों को शुभकामनाएं दी।

## जान जोखिम में डाल सफर करने को मजबूर लोग

**पौड़ी** : सतपुली से बांघाट बिलखेत बाड़ीयू जाने वाले वैकल्पिक मोटर मार्ग में बढ़ते जलस्तर से जल भराव होने लगा है। जिससे स्कूली बच्चों से लेकर कार्यालयों को जाने वाले लोगों को जान जोखिम में डाल सफर करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने शासन-प्रशासन से पुल का मरम्मत कार्य जल्द पूरा कराने की मांग की है। लगातार दो तीन दिनों से हो रही बारिश के चलते चलते नदियों का जलस्तर भी बढ़ने लगा है। बांघाट पुल की हो रही मरम्मत को देखते हुए नयार नदी के बीचों बीच वैकल्पिक मोटर मार्ग बनाया गया है। बीते दो दिनों से हो रही बारिश के कारण मोटर मार्ग पर नदी का जल स्तर बढ़ने से जल भराव होने की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय निवासी प्रकाश काला, मुकेश बहुगुणा, जगदीश भट्ट का कहना है क्षेत्रीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं हंस अस्पताल चमोलीसैंण को आने वाले लोगों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने शासन-प्रशासन से बांघाट पुल के मरम्मत कार्य को तेजी से पूरा करने की मांग की है।

## आंदोलनकारी ने डीएम से लगाई गुहार

**पौड़ी** : पाबौ ब्लाक के नौठा गांव निवासी आंदोलनकारी विश्वंभर प्रसाद खंकरियाल ने क्षेत्र में सहकारी बैंक की शाखा नहीं खुलने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर मामले की जांच कर 25 माह के लंबित किराए के भुगतान की मांग की। कहा कि नौठा में सहकारिता बैंक की शाखा खोले जाने की घोषणा के बाद बैंक ने अपना सामान उनके कमरे पर रखा, लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी न तो शाखा खुली और ना ही बैंक ने उनके कमरे में रखे सामान का भुगतान किया। जिस उन्होंने डीएम को ज्ञापन देकर मामले की जांच व 25 महीने के लंबित किराए भुगतान की मांग उठाई है। ज्ञापन में विश्वंभर प्रसाद ने कहा कि सहकारिता मंत्री डा. धन सिंह रावत ने नौठा बाजार में सहकारिता बैंक खोले जाने की घोषणा की थी। जिसके बाद सहकारिता बैंक के अफसरों ने नौठा बाजार में समिति की सहमति से उनके भवन को चयनित किया कर उसमें बैंक का सामान रखा। कहा कि सामान आज भी उन्हीं कमरों में पड़ा हुआ है। जिसे आज तक करीब 25 महीने का समय बीत चुका है। ऐसे में बैंक न तो अपना सामान वहां से उठा रहा है और ना ही उन्हें 25 महीनों का किराया भुगतान करवा रहा है। उन्होंने डीएम से मामले में जांच कर मदद की गुहार लगाई है।

# गरीब परिवारों को रोजगार से जुड़ने के लिए दिया ऋण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : उत्तराखंड सरकार की हर हाथ रोजगार मुहिम के तहत जनपद पौड़ी के विकासखंड दुगड्डा में ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना (रीप) द्वारा न्याय पंचायत उमथगांव के 8 अति गरीब परिवारों को रोजगार हेतु 35-35 हजार रुपये ब्याज रहित ऋण के चैक वितरित किये गये। विकासखण्ड दुगड्डा में अब तक 21 अति गरीब परिवारों को विभिन्न आजीविका गतिविधि को करने हेतु अल्ट्रापुअर गतिविधि में चयनित किया गया है।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक प्रमुख रुचि कैंत्यूरा व खंड विकास अधिकारी जयकृत बिष्ट द्वारा चैक वितरित किये गये।

ब्लॉक प्रमुख रुचि कैंत्यूरा ने रीप परियोजना को गरीब परिवारों की आजीविका वृद्धि हेतु बेहतर प्रयास बताया। कहा कि इस धनराशि का उपयोग गाय पालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन, सिलाई आदि गतिविधि को करने में किया जायेगा।

रीप जिला परियोजना प्रबंधक कुलदीप बिष्ट ने कहा कि परियोजना में समय-समय पर जनपद के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रो के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को चयनित किया जा रहा है।

इस दौरान सहायक विकास अधिकारी पंचायत ज्योतिष चंदोला, रीप ब्लॉक एम. एण्ड ई. पंकज सिंह नेगी, बिजनेस प्रमोटर मीनाक्षी और बी.एम.एम. नरेन्द्र बिष्ट सहित समस्त लाभार्थी मौजूद रहे।

## अनिश्चितकालीन हड़ताल और सचिवालय कूच की दी चेतावनी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : उपनल महासंघ पेयजल निगम की बैठक में कर्मचारियों ने 12 फरवरी को सचिवालय कूच को लेकर चर्चा की। चेतावनी दी गई कि 11 फरवरी तक समस्याएं हल नहीं होने पर 12 फरवरी को सचिवालय कूच के साथ ही अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी जाएगी। कहा कि वह काफी समय से छः सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग कर रहे है, लेकिन उनकी मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। जिससे कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है।

उपनल महासंघ पेयजल निगम की बैठक में गढ़वाल अध्यक्ष प्रवीण रावत ने कहा कि उपनल सयुंक्त मोर्चे के आह्वान पर जिले के सभी उपनल कार्मिक 12 फरवरी से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। कहा कि पिछले लंबे समय से प्रतिवर्ष 20 फीसदी की वेतन मे वृद्धि, समान कार्य समान वेतन, विभागों से उपनल कार्मिक न हटाए जाने, हटाए गए कर्मचारियों वापसी करने, सर्वोच्च न्यायालय से सरकार द्वारा दायर एलएलपी वापिस लेने, चरणबद्ध तरीके से नियमितीकरण किए जाने की मांग की जा रही है, लेकिन सरकार कर्मचारियों की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। जिससे कर्मचारियों में सरकार के खिलाफ रोष बना हुआ है। चेतावनी दी कि सरकार द्वारा 11 फरवरी तक मांगो पर सकारात्मक कदम नहीं उठाए जाने पर पेयजल विभाग में कार्यरत उपनल कार्मिक 12 फरवरी को सचिवालय कूच में हिस्सा लेते हुए अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

# भाषण में कशिश, चारू, शिवानी ने मारी बाजी



**जयन्त प्रतिनिधि।**

**थलीसैंण** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में भौतिक विज्ञान विभागीय परिषद द्वारा क्या विज्ञान की शिक्षा मातृभाषा या अंग्रेजी में होनी चाहिए विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

भाषण प्रतियोगिता में कशिश पोखरियाल बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर, चारु बीएससी तृतीय सेमेस्टर, शिवानी बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के संयोजक भौतिक विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ. सुधीर सिंह रावत थे। निर्णायक मंडल में डॉ. धर्मेंद्र यादव, डॉ. अजय कुमार, डॉ. विक्रम, डॉ. धर्मेंद्र कुमार आदि शामिल थे।

अनिल ध्यानी प्रयोगशाला परिचर ने प्रतियोगिता के सफल संपादन हेतु तकनीकी रूप से अपना सहयोग दिया।

## विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने मोहा दर्शकों का मन

**कोटद्वार** : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत बलभद्रपुर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य नितिन भाटिया, पर्यवेक्षक सारिका रावत, सीमा राव, चित्रा नेगी आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पंजाबी, गढ़वाली, कुमाऊंनी सहित अन्य गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। 11वीं के छात्र अनंत भारद्वाज की कामेडी ने श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। कार्यक्रम में छात्रा पारखी को मिस व दिव्यांशु जुयाल को मिस्टर डीएवी का खिताब दिया गया। स्पार्क आफ द डे का पुरस्कार अनुराग पथिक को दिया गया। शिक्षकों ने विद्यालय के अव्वल विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया।

# ग्रेविटी आर्ट कार्यशाला में छात्रों व शिक्षकों ने दिखाई प्रतिभा

**टिहरी** : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में ग्रेविटी आर्ट कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के राजकीय प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों के कला अध्यापक तथा संस्थान के प्रथम सेमेस्टर के डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।सभी प्रतिभागियों द्वारा संस्थान की बाह्य तथा आंतरिक वालों पर सभी अध्यापकों तथा छात्रों द्वारा विभिन्न शैली के में कार्य किया गया। जिसमें उत्तराखंड की लोक कला, एपण, बरली कला के साथ-साथ उत्तराखंड के वाद्य यंत्र, नृत्य के चित्रांकन, चिपको आंदोलन व नई शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न आयामों को चित्रांकन कर दर्शाया गया। यह कार्य डायट के बहुद्देशीय हाल के अंदर तथा संस्थान की बाहरी दीवारों पर किया गया।

नई टिहरी में कड़ाके की ठंड के बीच भी सभी अध्यापकों छात्र अध्यापकों द्वारा पूर्ण मनोयोग के साथ कार्यशाला में प्रतिभाग किया गया। कार्यशाला के दौरान संस्थान में स्थानांतरण होकर आए संस्थान की नई प्राचार्य हेमलता भट्ट ने भी सभी छात्र व अध्यापकों की इस क्रिएटिविटी की प्रशंसा की। कार्यशाला के समन्वयक डॉ. वीर सिंह रावत एवं सीमा शर्मा ने कार्यशाला के दौरान अध्यापकों से अपनी इस बेहतरीन कला को अपने विद्यालय के छात्रों में पूर्ण मनोयोग के साथ पहुंचाने को प्रेरित किया। इस कार्यशाला में डीएलएड के छात्रों के साथ-साथ डॉ. अजय जोशी माधुरी दीक्षित, गीता खुगशाल, दिव्या नौटियाल, राधा प्रजापति, विक्रम शाह, सीमा गैरोला, इशांत थापा, मनोज कुमार, विवेक रानी तथा चित्राका विजलोटी कला अध्यापकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल अभियन्ता/II/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमान्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से सम्बंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेंडर संख्या दिनांक | 279-DRM-WB-23-24 Date 06.02.2024 |
| कार्य का नाम | Cess Widening, Repair of Embankment and Strengthening of Bridge Approaches embankment including extension of Catch water drain in CN. BLM & RAC-SPC section as per latest RFWM under ADEN/I/HRI |
| टेंडर क्लोजिंग दिनांक/समय | 29.02.2024 15:00 |
| अनुमानित लागत | 2,00,07,077.14 |
| धरोहर राशि | 2,50,000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 15.02.2024 |
| ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह |

टेंडर नं.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 06.02.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 399/24

# सम्पादकीय

## नकल विधेयक एक नई उम्मीद

विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर नए कानून बनाने के क्रम में केंद्र सरकार ने इस बार सरकारी भर्तियों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल को रोकने के लिए सख्त विधेयक पेश किया है, जो जल्दी एक कानून के रूप में कार्य करने लगेगा। पिछले कुछ समय में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की भर्तियों में धांधलियों एवं नकल के भरोसे परीक्षाएं पास करने के मामले सामने आए हैं जिनके कारण योग्य परीक्षार्थियों को पिछड़ना पड़ा या फिर कुछ ने असफल होने पर आत्महत्या तक कर ली। इस कार्य में कई ऐसे संगठन भी प्रकाश में आए हैं जो संगठित होकर नकल करने जैसा अपराध कर रहे थे। योग्य परीक्षार्थियों को अवसर प्रदान करने एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने हेतु सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए सरकारी भर्ती और प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक तथा फर्जी वेबसाइट जैसी अनियमितताओं के खिलाफ तीन साल से 10 साल तक की जेल और न्यूनतम 1 करोड़ रुपए के जुर्माने के प्रावधान वाले 'लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक, 2024' को लोकसभा ने पारित कर दिया। विधेयक की खास बात यह है कि इस कानून के तहत ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी जो विभिन्न परीक्षा प्रणालियों के साथ छेड़छाड़ करते हैं। विधेयक में कहा गया है कि प्रश्न पत्र या उत्तर कुंजी का लीक होना", "सार्वजनिक परीक्षा में अनधिकृत रूप से किसी भी तरीके से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उम्मीदवार की सहायता करना" और "कंप्यूटर नेटवर्क या कंप्यूटर संसाधन या कंप्यूटर सिस्टम के साथ छेड़छाड़ करना" किसी व्यक्ति, लोगों के समूह या संस्थानों द्वारा किए गए अपराध हैं। विधेयक के दायरे में यूपीएससी, एसएससी, रेलवे द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाएं, बैंकिंग भर्ती परीक्षाएं और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित सभी कम्प्यूटर आधारित परीक्षाएं आएंगी। नहीं नकल अधिनियम में सख्त प्रावधान रखे गए हैं जिसके तहत न्यूनतम तीन साल से पांच साल तक के कारावास और इस तरह के संगठित अपराध में शामिल लोगों को पांच से 10 साल तक की जेल की सजा का प्रावधान है। प्रस्तावित कानून में न्यूनतम एक करोड़ रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। किसी भी परीक्षा को पारदर्शी तरीके से संपर्क करने के लिए यह भेज जरूरी है कि उसमें व्याप्त प्रक्रिया को ईमानदारी के साथ संचालित करना चाहिए एवं ऐसे आपराधिक लोगों को परीक्षा प्रणाली से छेड़छाड़ करने का अवसर प्रदान नहीं करने देना चाहिए जो योग्य लोगों के हक पर प्रहार करते हो। एक तरफ जहां एक योग्य परीक्षार्थी कड़े परिश्रम के बावजूद भी सफलता अर्जित नहीं कर पाता तो वही नकल एवं अपराधिक तरीके से विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर ली जाती है। इससे न केवल व्यवस्थाओं पर प्रश्न चिन्ह खड़े होते हैं बल्कि योग्य परीक्षार्थियों में मानसिक अवसाद की स्थिति भी बनती है। नकल अधिनियम को पारदर्शी भर्ती व्यवस्था की दिशा में एक मील का पत्थर माना जा सकता है बशर्ते इस कानून को अमल में लाने के लिए संबंधित एजेंसियां पूरी ईमानदारी एवं नियमों के अनुरूप कार्य करें।

# इंडिया एलायन्स में सब गड़बड़!

विनीत नारायण

'इंडिया' एलायंस के घटक दलों ने इतना भी अनुशासन नहीं रखा कि वे दूसरे दलों पर नकारात्मक बयानबाजी न करें। जिसका ग़लत संदेश गया। हिसाब से इस एलायंस के बनते ही सीटों के बंटवारे का काम हो जाना चाहिए था जिससे उम्मीदवारों को अपने–अपने क्षेत्र में जनसंपर्क करने के लिए काफी समय मिल जाता। पर शायद इन दलों के नेता ईडी, सीबीआई और आयकर की धमकियों से डरकर पूरी हिम्मत से एकजुट नहीं हो रहे है, नहीं हो पा रहे है।



देश के मौजूदा राजनैतिक माहौल में लोगों के दो ख़ेमे हैं। एक तरफ वे करोड़ों लोग हैं जो दिलो जान से नरेंद्र मोदी को चाहते हैं और ये मानकर बैठे हैं कि 'अब की बार चार सौ पार।' इनके इस विश्वास का आधार है मोदी की आक्रामक कार्यशैली, श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा, उनका बेहिचक हिंदुत्व का समर्थन करना तथा काशी, उज्जैन, केदारनाथ, अयोध्या, मिर्जापुर और अब मथुरा आदि तीर्थ स्थलों पर भव्य कॉरिडोरों का निर्माण। इनके

अलावा अप्रवासी भारतीयों का भारतीय दूतावासों में मिल रहा स्वागतपूर्ण रवैया, निर्धन वर्ग के करोड़ों लोगों को उनके बैंक खातों में सीधा पैसा ट्रान्सफर और 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन का बाँटना व भविष्य में आर्थिक विकास के बड़े–बड़े दावे।

जबकि दूसरे ख़ेमे के नेताओं और उनके करोड़ों चाहने वालों का मानना है कि देश के युवाओं में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि दो करोड़ रोजगार हर वर्ष देने का वायदा करके भाजपा की मोदी सरकार देश के नौजवानों को सेना, पुलिस, रेल, शिक्षा व अन्य सरकारी विभागों में नौकरी देने में नाकाम रही है। आज भारत में बेरोजग़ारी की दर पिछले 40 वर्षों में सबसे ज्यादा है। जबकि मोदी जी के वायदे के अनुसार इन दस वर्षों में 20 करोड़ लोगों को नौकरी मिल जाती तो किसी को भी मुफ्त राशन बाँटने की नौबत ही नहीं आती। क्योंकि रोजगार पाने वाला हर एक युवा अपने परिवार के पांच सदस्यों के पालन पोषण की जिम्मेदारी उठा लेता। यानी देश के 100 करोड़ लोग गरीबी की सीमा रेखा से ऊपर उठ जाते। इसलिए इस खेमे के लोगों का मानना है कि इन करोड़ों युवाओं का आक्रोश भाजपा को तीसरी बार केंद्र में सरकार नहीं बनाने देगा।

विपक्ष के इस खेमे के अन्य आरोप हैं कि भाजपा सरकार महंगाई को काबू नही कर पाई। उसका शिक्षा और स्वास्थ्य बजट लगातार गिरता रहा है। जिसके चलते आज गरीब आदमी के लिए मुफ्त या सस्ता इलाज और सस्ती शिक्षा प्राप्त करना असंभव हो गया है।इसी खेमे का यह भी दावा है कि मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में विदेशी कर्ज की मात्रा 2014 के बाद कई गुना बढ़ा दी है। इसलिए बजट में से भारी रकम केवल ब्याज देने में खर्च हो जाती है और विकास योजनाओं के लिए मुठ्ठी भर धन ही बचता है। इसका खामियाजा देश की जनता को रोज बढती महंगाई और भारी टैक्स देकर झेलना पड़ता है। इसलिए सेवा निवृत्त लोग, मध्यम वर्ग और व्यापारी बहुत परेशान है।

इसके अलावा विपक्षी दलों के नेता मोदी सरकार पर केन्द्रीय जाँच एजेंसियों व चुनाव आयोग के लगातार दुरूपयोग का आरोप भी लगा रहे हैं। इसी विचारधारा के कुछ वकील और सामाजिक कार्यकर्ता ईवीएम के दुरूपयोग का आरोप लगाकर आन्दोलन चला रहे हैं। दूसरी तरफ इतने लम्बे चले किसान आन्दोलन की समाप्ति पर जो आश्वासन दिए गये थे वो आज तक पूरे नहीं हुए। इसलिए इस खेमे का मानना है कि देश का किसान अपनी फ़सल के वाजिब दाम न मिलने के कारण मोदी सरकार से खफ़ा है। इसलिए इनका विश्वास है कि किसान भाजपा को तीसरी बार केंद्र में सत्ता नहीं लेने देगा।

अगर विपक्ष के दल और उनके नेता पिछले साल भर में उपरोक्त सभी सवालों को दमदारी से जनता के बीच जाकर उठाते तो वास्तव में नरेंद्र मोदी के सामने 2024 का चुनाव जीतना भारी पड़ जाता। इसी उम्मीद में पिछले वर्ष सभी प्रमुख दलों ने मिलकर 'इंडिया' एलायंस बनाया था। पर उसके बाद न तो इस एलायंस के सदस्य दलों ने एक साथ बैठकर देश के विकास के मॉडल पर कोई दृष्टि साफ़ की, न कोई साझा एजेंडा तैयार किया, जिसमें ये बताया जाता कि ये दल अगर सत्ता में आ गये तो बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार से कैसे निपटेंगे। न अपना कोई एक नेता चुना।

हालाँकि लोकतंत्र में इस तरह के संयुक्त मोर्चे को चुनाव से पहले अपना प्रधानमंत्री उम्मीदवार तय करने की बाध्यता नहीं होती। चुनाव परिणाम आने के बाद ही प्रायः सबसे ज्यादा सांसद लाने वाले दल का नेता प्रधानमंत्री चुन लिया जाता है। पर भाजपा इस मुद्दे पर अपने मतदाताओं को यह समझाने में सफल रही है कि विपक्ष के पास मोदी जी जैसा कोई सशक्त नेता प्रधानमंत्री बनने के लायक़ नहीं है। ये भी बार–बार कहा जाता है कि 'इंडिया' एलायंस के घटक दलों का हर नेता प्रधानमंत्री बनने के सपने देख रहा है।

'इंडिया' एलायंस के घटक दलों ने इतना भी अनुशासन नहीं रखा कि वे दूसरे दलों पर नकारात्मक बयानबाजी न करें। जिसका ग़लत संदेश गया। इस एलायंस के बनते ही सीटों के बंटवारे का काम हो जाना चाहिए था। जिससे उम्मीदवारों को अपने–अपने क्षेत्र में जनसंपर्क करने के लिए काफी समय मिल जाता। पर शायद इन दलों के नेता ईडी, सीबीआई और आयकर की धमकियों से डरकर पूरी हिम्मत से एकजुट नहीं रह पाए। यहाँ तक कि क्षेत्रीय दल भी अपने कार्यकर्ताओं को हर मतदाता के घर–घर जाकर प्रचार करने का काम भी आज तक शुरू नहीं कर पाए। इसलिए ये एलायंस बनने से पहले ही बिखर गया।

दूसरी तरफ भाजपा व आर एस एस ने हमेशा की तरह चुनाव को एक युद्ध की तरह लड़ने की रणनीति 2019 का चुनाव जीतने के बाद से ही बना ली थी और आज वो विपक्षी दलों के मुकाबले बहुत मजबूत स्थिति में खड़े हैं। उसके कार्यकर्ता घर घर जा रहे हैं। जिनसे एलायंस के घटक दलों को पार पाना, लोहे के चने चबाना जैसा होगा। इसके साथ ही पिछले नौ वर्षों में भाजपा दुनिया की सबसे धनी पार्टी हो गई है। इसलिए उससे पैसे के मामले में मुकाबला करना आसान नहीं होगा।

देश के मीडिया की हालत सभी जानते हैं। प्रिंट और टीवी मीडिया इकतरफा होकर रातदिन केवल भाजपा का प्रचार करता है। जबकि विपक्षी दलों को इस मीडिया में जगह ही नहीं मिलती। जाहिर है कि चौबीस घंटे एक तरफा प्रचार देखकर आम मतदाता पर तो प्रभाव पड़ता ही है। इसलिए मोदी, अमित शाह, नड्डा बार–बार आत्मविश्वास के साथ कहते हैं, "अबकी बार चार सौ पार।" जबकि विपक्ष के नेता ये मानते हैं कि भाजपा को उनके दल नहीं बल्कि 1977 व 2004 के चुनावों की तरह आम मतदाता हराएगा। भविष्य में क्या होगा ये तो चुनावों के परिणाम आने पर ही पता चलेगा कि 'इंडिया' एलायंस के घटक दलों ने बाजी क्यों हारी और अगर जीती तो किन कारणों से जीती?

# अपनी कहानी दोहरानी है!

ये बुनियादी सवाल दब–से गए हैं कि अगर तस्वीर इतनी खुशहाल है, तो साल 2019 में सरकार ने उपभोग व्यय संबंधी सर्वेक्षण रिपोर्ट को क्यों जारी करने से इनकार कर दिया था? सरकार की जनगणना कराने में क्यों रुचि नहीं है?

नरेंद्र मोदी सरकार को इस बात का पूरा यकीन है कि वो जो कहानी सुनाएगी, उनके समर्थक मतदाता बस उतना ही सुनेंगे। उसका यह यकीन निराधार भी नहीं है। चूंकि मेनस्ट्रीम मीडिया के अधिकांश हिस्से ने अपने स्वतः रुझान या बनाई गई परिस्थितियों के कारण खुद को सत्ताधारी दल के प्रचार तंत्र में तब्दील कर दिया है, इसलिए किसी वैकल्पिक कथानक का आम जन तक पहुंचना सचमुच बहुत कठिन हो गया है। ऐसे में लोग सरकारी दावों पर सहज यकीन करें, तो उसमें कोई हैरत की बात नहीं है। मसलन, इन दावों पर कि देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से निकाला गया है और भारत में चारों तरफ खुशहाली का आलम है। इस शोर के बीच ये बुनियादी सवाल दब–से गए हैं कि अगर ऐसा है, तो साल 2019 में सरकार ने उपभोग व्यय संबंधी सर्वेक्षण रिपोर्ट को क्यों जारी करने से इनकार कर दिया था? सरकार की जनगणना कराने में क्यों रुचि नहीं है? दशकीय जनगणना 2021 में ही तय थी। तब कोरोना महामारी के कारण उसे टाला गया, हालांकि उस दौर में भी चुनाव जैसे सघन जन–संपर्क के कार्य आयोजित हुए।

तब के बाद आम जिंदगी सामान्य हो चुकी है, लेकिन जनगणना कहीं सरकार के एजेंडे में नहीं है। अगर जनगणना होती, तो उससे आधिकारिक आंकड़े प्राप्त होते और यह मालूम होता कि जमीनी स्तर पर आम जन की कैसी हालत है। मगर वर्तमान सरकार का नजरिया प्रतिकूल आंकड़ों को सामने ना आ देने का रहा है। तस्वीर बेहतर दिखाने के लिए पैमानों की परिभाषा बदल देना उसकी दूसरी बड़ी तरकीब रही है। मसलन, 2015 में वास्तविक आर्थिक वृद्धि दर को मापने का आधार बदल दिया गया। इससे वास्तविक वृद्धि दर बेहतर नजर आने लगी। इसके अलावा रोजगार की सूरत बेहतर दिखाने के लिए आवधिक श्रम शक्ति सर्वे में स्वरोजगार की एक नई श्रेणी जोड़ दी गई, जिससे पारिवारिक कारोबार में सहयोग करने वाले अवैतनिक कर्मियों को भी रोजगार–शुदा माना जाने लगा। लेकिन परिभाषाएं बदलने से असली हाल नहीं बदल गए हैं। मगर सरकार को उसकी चिंता भी नहीं है। उसकी जुगत सिर्फ यह है कि आर्थिक सुर्खियां खुशहाल तस्वीर पेश करती रहें।

# झारखंड से शुरू हुई नई परंपरा

मुख्यमंत्री बना और पद पर रहते मुख्यमंत्री के विधानसभा का उपचुनाव हारने का भी रिकॉर्ड बना। मुख्यमंत्री के घर पर बिना समन की छापेमारी का भी अभी रिकॉर्ड बना है और हेमंत सोरेन पहले मुख्यमंत्री बने हैं, जो ईडी के अधिकारियों के साथ इस्तीफा देने राजभवन गए। अब प्रदेश में एक नया प्रयोग हुआ है या यूं कहें कि नई परंपरा शुरू हुई है।बाल ठाकरे के नेतृत्व वाले शिव सेना के शुरुआती दिनों को अपवाद मान लें तो झारखंड मुक्ति मोर्चा पहली प्रादेशिक पार्टी बनी है, जिसने परिवार से बाहर के किसी व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाया है। आज तक किसी प्रादेशिक पार्टी ने किसी भी स्थिति में परिवार से बाहर के किसी नेता को मुख्यमंत्री नहीं बनाया है। झारखंड में ईडी के दबाव में हेमंत सोरेन को इस्तीफा देना पड़ा तो उन्होंने मजबूरी में ही सही लेकिन पार्टी के सबसे पुराने नेताओं में से एक चम्पई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाया। ऐसा नहीं है कि उनके परिवार में मुख्यमंत्री बनने योग्य लोग नहीं हैं। उनकी भाभी सीता सोरेन तीन बार से विधायक हैं और छोटे भाई बसंत सोरेन भी विधायक हैं। लेकिन

> **हरियाणा में देवीलाल के बाद ओमप्रकाश चौटाला बने तो उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह के बाद अखिलेश यादव, आंध्र प्रदेश में वाईएसआर रेड्डी के बेटे जगन मोहन व एनटीआर के दामाद चंद्रबाबू नायडू और जम्मू कश्मीर में फारूक अब्दुल्ला के बेटे उमर अब्दुल्ला व मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी महबूबा मुफ्ती सीएम बनीं।**

हेमंत ने अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को सीएम बनाने का प्रयास किया, जो विधायक नहीं हैं। उनके लिए एक सीट भी खाली कराई गई थी लेकिन पार्टी और परिवार में विरोध को देखते हुए और राज्यपाल द्वारा शपथ दिलाने से मना करने की संभावना को भांप कर हेमंत ने चम्पई सोरेन को मुख्यमंत्री बनवाया है।

इससे पहले झारखंड जैसी स्थिति बिहार में पैदा हुई थी। चारा घोटाले से जुड़े मुकदमे में 1997 में बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के जेल जाने की नौबत आई तो उन्होंने अपनी पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनवाया। वे पढ़ी लिखी नहीं थीं और विधायक भी नहीं थीं। लेकिन लालू की पार्टी को पूर्ण बहुमत था और वे एकछत्र नेता था। इसके अलावा जितनी भी प्रादेशिक और परिवारवादी पार्टियां हैं उनमें कभी भी किसी बाहरी नेता को मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया। बाल ठाकरे ने जरूर पहले मनोहर जोशी और नारायण राणे को सीएम बनवाया था और रिमोट कंट्रोल से उनको चलाने की बात भी कहते थे लेकिन बाद में उनके बेटे उद्धव ठाकरे ने खुद ही मुख्यमंत्री बनना सही समझा।

बाकी पूरे देश में प्रादेशिक पार्टियों के नेता किसी पर भरोसा नहीं करते हैं। कर्नाटक में एचडी देवगौड़ा ने अपने बेटे एचडी कुमारस्वामी को मुख्यमंत्री बनाया तो तमिलनाडु में करुणानिधि के बेटे एमके स्टालिन सीएम बने।

हरियाणा में देवीलाल के बाद ओमप्रकाश चौटाला बने तो उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह के बाद अखिलेश यादव, आंध्र प्रदेश में वाईएसआर रेड्डी के बेटे जगन मोहन व एनटीआर के दामाद चंद्रबाबू नायडू और जम्मू कश्मीर में फारूक अब्दुल्ला के बेटे उमर अब्दुल्ला व मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी महबूबा मुफ्ती सीएम बनीं। कह सकते हैं कि इन सबके सामने हेमंत सोरेन जैसा संकट नहीं था।

## पत्थर गिरने व भूस्खलन के चलते जम्मू–श्रीनगर हाईवे फिर बंद

**श्रीनगर ,एजेंसी।** विभिन्न हिस्सों में पत्थर गिरने व भूस्खलन से हुई क्षति के चलते जम्मू–श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग मंगलवार को यातायात के लिए बंद कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर पत्थर गिरने व भूस्खलन से हुए नुकसान के कारण जम्मू–श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग मंगलवार को यातायात के लिए बंद रहेगा।

राजमार्ग पर काम चल रहा है। आज जम्मू या श्रीनगर की ओर से किसी भी यातायात की अनुमति नहीं दी जाएगी। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे इस मार्ग पर आज यात्रा न करें। अधिकारियों ने कहा, यात्रियों को यात्रा शुरू करने से पहले राजमार्ग की स्थिति के बारे में जानने के लिए कल (बुधवार) श्रीनगर और जम्मू में हमारे नियंत्रण कक्ष से संपर्क करना होगा। शनिवार को पत्थर गिरने के चलते रामबन जिले के शेरबीबी हिस्सों पर राजमार्ग अवरुद्ध हो गया था और फंसे हुए वाहनों को निकालने के लिए इसे सोमवार को दो–तरफा यातायात के लिए बहाल कर दिया गया था।

## पीएम मोदी ने ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय के शीघ्र स्वस्थ होने और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है।

किंग चार्ल्स तृतीय के मेडिकल जांच के दौरान कैंसर की बीमारी की पुष्टि होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के लोगों के साथ मिलकर ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय के शीघ्र स्वस्थ होने और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा, मैं भारत के लोगों के साथ मिलकर महामहिम राजा चार्ल्स तृतीय के शीघ्र स्वस्थ होने और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं।

## मौजूदा सांसद के कांग्रेस में शामिल होने से बीआरएस को झटका

**हैदराबाद ,एजेंसी।** लोकसभा चुनाव से पहले भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को बड़ा झटका देते हुए पेद्दापल्ली से उसके सांसद बी. वेंकटेश नेता मंगलवार को कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए।

वेंकटेश दिल्ली में एआईसीसी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल और मुख्यमंत्री व तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। यह घटनाक्रम टिकट के इच्छुक उम्मीदवारों से प्राप्त आवेदनों की जांच के लिए रेवंत रेड्डी की अध्यक्षता में प्रदेश चुनाव समिति (पीईसी) की बैठक से कुछ घंटे पहले हुआ। पार्टी को राज्य के सभी 17 लोकसभा क्षेत्रों से 306 आवेदन प्राप्त हुए हैं। चेन्नूर से कांग्रेस विधायक गद्दाम विवेक के बेटे गद्दाम वामशी ने पेद्दापल्ली से टिकट के लिए आवेदन किया है। विवेक विधानसभा चुनाव से कुछ दिन पहले बीजेपी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए थे और चेन्नूर से टिकट हासिल किया था। विवेक 2009 में कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में पेद्दापल्ली से लोकसभा के लिए चुने गए। उनके पिता और पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत जी वेंकट स्वामी पेद्दापल्ली से चार बार सांसद थे।

## मुंबई में 4 साल की बच्ची से स्कूल के चौकीदार ने किया दुष्कर्म

**मुंबई ,एजेंसी।** कांदिवली पूर्व में एक निजी स्कूल के चौकीदार ने कथित तौर पर चार साल उम्र की एक लड़की के साथ क्रूरतापूर्वक दुष्कर्म किया और चिल्लाने पर उसे पीटा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। घटना 2 फरवरी को हुई, लेकिन उसके डरे हुए माता–पिता पुलिस में शिकायत दर्ज कराने से हिचक रहे थे। आखिरकार, उसकी मां ने सोमवार को समता नगर पुलिस स्टेशन का दरवाजा खटखटाया और शिकायत दर्ज कराई, जो पॉक्सो अधिनियम और कानूनों की अन्य धाराओं के तहत दर्ज की गई।

इससे पहले, घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने एहतियाती कार्रवाई करते हुए शनिवार देर रात आरोपी चौकीदार को गिरफ्तार कर लिया था।

# पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द से मिले विपक्षी नेता, 'एक देश, एक चुनाव' को लेकर जताया विरोध

नई दिल्ली। विपक्ष के नेताओं ने मंगलवार को 'एक देश, एक चुनाव' पर उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द से मुलाकात की और एक देश, एक चुनाव' का विरोध किया।

कोविन्द से मुलाकात के बाद तृणमूल कांग्रेस के नेता कल्याण बनर्जी ने कहा, हम पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता वाली समिति के समक्ष 'एक देश, एक चुनाव' के विचार का विरोध किया। हमें लगता है कि इस कदम के पीछे भारत को तानाशाही में बदलने का छिपा हुआ एजेंडा है। हमारे संवैधानिक प्रविधानों में हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता है और न ही किया जाना चाहिए।

कोविन्द ने माकपा महासचिव सीताराम येचुरी, राज्यसभा के पूर्व सदस्य नीलोत्पल बसु से भी मुलाकात की। उच्च स्तरीय समिति के साथ बैठक के बाद येचुरी ने कहा, 'एक देश, एक चुनाव' संविधान की भावना के विपरीत है। यह लोकतंत्र विरोधी और संघवाद विरोधी है। इस बीच समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधियों केके श्रीवास्तव और डॉ. हरीश चंदर यादव ने भी कोविन्द से मिलकर लिखित सुझाव दिया, जिसमें कहा गया कि 'एक देश, एक चुनाव' से राष्ट्रीय पार्टियों को बड़ा फायदा हो सकता है, जबकि राज्य स्तरीय पार्टियों को नुकसान होने की आशंका है। 'एक देश, एक चुनाव'



पर उच्च स्तरीय समिति का गठन पिछले साल सितंबर में किया गया था। समिति का उद्देश्य भारत के संविधान और अन्य वैधानिक प्रविधानों के तहत मौजूदा ढांचे को ध्यान में रखते हुए लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, नगर निकायों और पंचायतों के लिए एक साथ चुनाव कराने के बारे में सिफारिश करना है।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूंछरी का लौठा, श्रीनाथ जी एवं गिरिराज तलहटी मंदिर में किए दर्शन

**जयपुर ,एजेंसी।** भरतपुर संभाग के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को पूंछरी का लौठा, गिरिराज जी तलहटी मंदिर, श्रीनाथ जी मंदिर एवं बयाना के झील का बाड़ा स्थित अपनी कुलदेवी कैला देवी मन्दिर के दर्शन किए। मुख्यमंत्री शर्मा ने पत्नी गीता शर्मा के साथ दर्शन कर विधिवत पूजा–अर्चना की एवं प्रदेश की खुशहाली और सुख–समृद्धि की कामना की।उन्होंने श्रीनाथ जी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया और उनसे आत्मीयतापूर्वक संवाद किया। मंदिर के पुजारी ने मुख्यमंत्री को गिरिराज जी की तस्वीर भी भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का अपने गृह क्षेत्र में जगह–जगह उत्साहपूर्वक भव्य स्वागत किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आमजन ने माला पहनाकर तथा पुष्प–गुच्छ व शॉल आदि भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

## छिंदवाड़ा से नकुलनाथ चुनाव लड़ेंगे : कमलनाथ

**छिंदवाड़ा ,एजेंसी।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस का उम्मीदवार कौन होगा, इसको लेकर चल रही चर्चाओं पर सांसद नकुलनाथ के बाद उनके पिता व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने विराम यह कह कर लगा दिया है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की घोषणा के बाद नकुलनाथ लोकसभा के उम्मीदवार होंगे।

राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र चर्चाओं में है। उम्मीदवारी का मामला लंबे अरसे से गर्माया हुआ है।

वर्तमान सांसद नकुलनाथ ने बीते रोज ही चुनाव लड़ने का ऐलान किया था। उसके बाद अब पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भी साफ कर दिया है कि एआईसीसी की घोषणा के बाद नकुल नाथ लोकसभा के उम्मीदवार होंगे।कमलनाथ ने संवाददाताओं से चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरु कर दी है। कांग्रेस जैसे हर चुनाव में तैयारी करती है वैसी ही इस बार करेगी।

ज्ञात हो कि बीते रोज नकुलनाथ ने कहा था, छिंदवाड़ा से कमलनाथ चुनाव लड़ेंगे या नकुल नाथ, लेकिन मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि छिंदवाड़ा से कमलनाथ चुनाव नहीं लड़ेंगे बल्कि मैं ही लड़ूंगा।

अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए नकुलनाथ ने कहा था कि चुनाव में कमलनाथ का पूरा समर्थन और सहयोग रहेगा, साथ ही मार्गदर्शन भी रहेगा।

# आईएनडीआईए का दामन छोड़ भाजपा का हाथ थाम सकती है आरएलडी, बीजेपी ने इन चार सीटों की पेशकश की

**लखनऊ, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव से पहले आईएनडीआईए गठबंधन को उत्तर प्रदेश में बड़ा झटका लग सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भाजपा के साथ राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) गठबंधन में शामिल हो सकती है।

भाजपा ने जयंत चौधरी को चार सीटों का ऑफर दिया है। ऐसे में अब कयास लगाए जा रहे हैं कि आईएनडीआईए गठबंधन में शामिल सपा के साथ आरएलडी का गठबंधन टूटेगा और भाजपा के साथ लोकसभा चुनाव लड़ेगी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, भाजपा ने आरएलडी को जिन चार सीटों पर चुनाव लड़ने की पेशकश की है, उसमें कैराना, बागपत, मथुरा और अमरोहा शामिल है। वहीं सूत्रों के अनुसार, सपा ने कैराना,



मुजफ्फरनगर और बिजनौर में प्रत्याशी अपना और निशान आरएलडी का रहने की शर्त रखी है। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि सपा और आरएलडी के बीच गठबंधन टूटने की यह बड़ी वजह हो सकती है।

इंडिया गठबंधन में शामिल सपा और आरएलडी के बीच एक सीट को लेकर बात बनती नहीं दिख रही है। पश्चिमी यूपी की मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर पेंच फंसता हुआ नजर आ रहा है। अभी इस सीट पर अंतिम निर्णय नहीं हुआ है। अब चर्चा यह भी चल रही है कि सीटों को लेकर चल रहे विवाद को छोड़ जयंत एनडीए में भी जा सकते हैं।

आरएलडी के मुजफ्फरनगर न छोड़ने के वाजिब कारण भी हैं। यहां से पिछला चुनाव चौधरी अजित सिंह मात्र साढ़े छह हजार वोटों से भाजपा के डॉ. संजीव बालियान से हारे थे। इस लोस सीट के अंतर्गत आने वाली पांच विधासनभा सीटों में से दो बुढ़ाना और खतौली पर आरएलडी का कब्जा है। खतौली सीट आरएलडी ने उपचुनाव में जीती थी। उधर, कांग्रेस और सपा के बीच भी बात बनती नहीं दिख रही। कांग्रेस 11 सीटों से संतुष्ट नहीं है।

# सीएम सिद्धारमैया पर हाईकोर्ट सख्त, 10 हजार का लगाया जुर्माना

**बेंगलुरू ,एजेंसी।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को एक विरोध प्रदर्शन के दौरान सड़क अवरुद्ध करने के मामले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और अन्य कांग्रेस नेताओं पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। कोर्ट ने यह कहा कि लोगों का प्रतिनिधि होने के कारण सड़क अवरुद्ध करने का कार्य स्वीकार नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति कृष्ण एस. दीक्षित की अध्यक्षता वाली पीठ ने विशेष अदालत में मुकदमे की कार्यवाही को रद्द करने की मांग वाली सीएम सिद्धारमैया की याचिका को खारिज कर दिया। पीठ ने सीएम सिद्धारमैया को 6 मार्च को जन प्रतिनिधियों के लिए विशेष अदालत के समक्ष उपस्थित होने का भी आदेश दिया।

अदालत ने एआईसीसी महासचिव और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला को 7 मार्च, परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी को 15 मार्च और एमबी पाटिल को 11 मार्च को अदालत में उपस्थित होने के लिए कहा है। सभी नेताओं पर 10–10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना बेंगलुरु के हाई ग्राउंड्स पुलिस स्टेशन से जुड़ी पुलिस सब–ईंस्पेक्टर जाहिदा को मामले में घसीटने और उन्हें एक पक्ष बनाने के लिए लगाया गया है।

सीएम सिद्धारमैया के वकील ने अपील किए जाने तक आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध किया। पीठ ने इस पर ध्यान देने से इनकार कर दिया। साथ ही कहा कि यदि जनता के प्रतिनिधि कानून का पालन करेंगे तो लोग भी उनका पालन करेंगे। अगर विरोध प्रदर्शन सड़कों पर किया गया तो लोगों को परेशानी होगी।पीठ ने कांग्रेस नेताओं को फटकार लगाते हुए कहा कि शहरी जीवन एक यातना है, विरोध प्रदर्शनों ने शहरों में स्थिति को और खराब कर दिया है। इसी कारण से सड़कों को अवरुद्ध करने का कार्य मंजूर नहीं हो सकता है।

हाई ग्राउंड्स पुलिस स्टेशन में 14 अप्रैल 2022 को सीएम सिद्धारमैया और अन्य कांग्रेस नेताओं के खिलाफ एफआई–ईआर दर्ज की गई थी। कांग्रेस पार्टी ने एक ठेकेदार संतोष पाटिल की आत्महत्या के मामले पर विरोध प्रदर्शन किया था और तत्कालीन मंत्री केएस ईश्वरप्पा के इस्तीफे की मांग की थी।

## मंदिर में ले जाकर नाबालिग से रेप, सुप्रीम कोर्ट ने दोषी को सुनाई 30 साल की सजा

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** मध्य प्रदेश के एक मंदिर में नाबालिग से बलात्कार के आरोप में एक व्यक्ति की दोषसिद्धि को बरकरार रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उसे बिना छूट के 30 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने कहा, हमने याचिकाकर्ता–दोषी द्वारा मंदिर ले जाने के बाद पीड़िता की असहाय स्थिति पर ध्यान दिया है। सबूतों से पता चलता है कि जगह की पवित्रता की परवाह किए बिना उसने उसे और खुद को निर्वस्त्र किया और उसके साथ बलात्कार किया। पीठ ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 एबी के तहत दोषसिद्धि को बरकरार रखा।

# रेवंत रेड्डी ने सोनिया से लोस चुनाव तेलंगाना में लडने का अनुरोध किया

**हैदराबाद ,एजेंसी।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने नई दिल्ली में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की और उनसे लोकसभा चुनाव उनके राज्य में लड़ने का अनुरोध किया। रेवंत रेड्डी, जो राज्य पार्टी प्रमुख भी हैं, ने सोनिया गांधी को बताया कि राज्य इकाई ने पहले ही सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर दिया है, जिसमें उनसे राज्य से चुनाव लड़ने का आग्रह किया गया है।

यहां जारी एक बयान के अनुसार, रेवंत रेड्डी ने उनसे कहा कि तेलंगाना को अलग राज्य बनाने उनके योगदान के कारण तेलंगाना के लोग उन्हें एक मां के रूप में सम्मान देते हैं और उनसे इसी राज्य से चुनाव लड़ने का अनुरोध कर रहे हैं। सोनिया ने अनुरोध का जवाब देते हुए कहा कि वह उचित समय पर निर्णय लेंगी। रेवंत रेड्डी ने उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क और मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी के साथ सोनिया से उनके आवास 10, जनपथ पर मुलाकात की।मुख्यमंत्री ने उन्हें राज्य सरकार द्वारा गारंटी के कार्यान्वयन के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने उन्हें बताया कि छह गारंटियों में से सरकार ने आरटीसी बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा योजना लागू कर दिया गया है और राजीव आरोग्यश्री के तहत इलाज कवरेज को 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 15 लाख रुपये कर दिया है। सोनिया को बताया कि अब तक 14 करोड़ महिलाएं आरटीसी बसों में मुफ्त यात्रा कर चुकी हैं।

रेवंत रेड्डी ने उन्हें यह भी बताया कि सरकार ने दो और गारंटी लागू करने का फैसला किया है झ 500 रुपये में एलपीजी गैस सिलेंडर और घरों के लिए हर महीने 200 यूनिट मुफ्त बिजली। उन्हें यह भी बताया गया कि राज्य सरकार ने जाति जनगणना करने का निर्णय लिया है और इसके लिए तैयारी की जा रही है। रेवंत रेड्डी ने उन्हें बताया कि वे राज्य से अधिकतम लोकसभा सीटें जीतने के लिए सभी प्रयास कर रहे हैं और इस संबंध में तैयारी पहले ही पूरी हो चुकी है।

# तीसरे ओडीआई में ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हराया, 3–0 से जीती सीरीज



**कनबरा, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराकर श्रृंखला 3–0 से जीत ली है। ऑस्ट्रेलिया ने 87 रनों के लक्ष्य को लेकर टी–20 अंदाज में बल्लेबाजी की शुरुआत की। जेक फ्रेसर–मक्गर्क ने 18 गेंदों में 41 रन, जोश इंग्लिस ने 16 गेंदों में चार चौके ओर एक छक्के की मदद से नाबाद 35 रन बनाये। ऐरन हार्डी दो रन बनाकर ऑउट हुये। कप्तान स्टीव स्मिथ छह रन पर नाबाद रहे।

ऑस्ट्रेलिया ने 6.5 ओवर में दो विकेट पर 87 बनाकर मुकाबला जीत लिया। यह ऑस्ट्रेलिया में अब तक खेला गया सबसे छोटा पुरुष एकदिवसीय मुकाबला है। ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज की टीम को 145 गेंद में समेटने के बाद 41 गेंदों में मुकाबला जीत लिया।

इस एकदिवसीय मैच दोनों ओर से कुल 186 गेंदों फेंकी गई। एकदिवसीय क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा गेंद शेष रहने के लिहाज से यह सातवीं सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले वर्ष 1979 में इंग्लैंड ने 277 गेंद रहते मैच जीता था। इसके बाद श्रीलंका ने वर्ष 2001 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 274 गेंद शेष रहते मुकाबला जीता था। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ और ओशेन थॉमस ने एक–एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतने के बाद वेस्टइंडीज बल्लेबाजी का न्यौता दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की एलिक एथानाजे और जॉर्न ऑटले की जोड़ी ने धीमी शुरुआत की। तीसरे ओवर में जेवियर बार्टलेट ने ऑलेट को आठ रन पर आउट कर वेस्टइंडीज को पहला झटका दिया। इसके बाद केसी कार्टी 10 रन, रॉस्टन चेज 12 रन बनाकर आउट हुये। ऐलेक ऐथनेज ने वेस्टइंडीज के लिए सर्वाधिक 32 रन बनाये। शेष आठ बल्लेबाज दहाई आंकडे तक भी नहीं पहुंच सके। वेस्टइंडीज की पूरी टीम 24.1 ओवर में 86 रन पर ढ़ेर हो गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर जेवियर बार्टलेट ने चार विकेट मिले। लांस मॉरिस और एडम जम्पा ने दो– दो विकेट लिए। शॉन ऐबट ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# गुजरात जायंट्स के नए मुख्य कोच बने माइकल क्लिंगर

**बेंगलुरु,एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर माइकल क्लिंगर को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के सीजन 2 से पहले अदाणी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाली गुजरात जायंट्स के लिए मुख्य कोच नियुक्त किया गया है।

डब्ल्यूपीएल का दूसरा सीजन बेंगलुरु और नई दिल्ली में खेला जाएगा। टूर्नामेंट का आगाज 23 फरवरी से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होग।

माइकल क्लिंगर टीम में पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज (मेंटॉर) और नूशिन अल खादीर (गेंदबाजी कोच) के साथ जुड़कर गुजरात जायंट्स को और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयार करेंगे।

43 वर्षीय ने इससे पहले सिडनी थंडर के लिए सहायक कोच के रूप में कार्य किया। इस दौरान उनकी टीम महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) में चौथे स्थान पर रही थी।

साथ ही उन्होंने 2019 से 2021 तक मेलबर्न रेनेगेड्स मेन्स टीम के मुख्य कोच और फोएबे लिचफील्ड के साथ भी काम किया।

पुरुष बीबीएल में क्लिंगर एक बड़ा नाम रहे हैं। वह 2019 में रिटायर हुए और लीग के अब तक के सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप जाने जाते हैं। खेल के विभिन्न पहलुओं में उनका अनुभव गुजरात जायंट्स टीम के लिए फायदेमंद साबित होगा।

मुख्य कोच के रूप में अपनी नियुक्ति के बारे में क्लिंगर ने कहा, गुजरात जाइंट्स के पास महिला प्रीमियर लीग के सीजन् 2 में कुछ खास करने का मौका है। मैं मिताली राज जैसी क्रिकेट की दिग्गज खिलाड़ी के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।

क्लिंगर की नियुक्ति की मिताली ने भी सराहना की। उन्होंने कहा, माइकल के साथ काम करने से गुजरात जाइंट्स के खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। बल्ले के साथ उनकी विशेषज्ञता भी खास है और निश्चित रूप से कुछ युवाओं को फायदा होगा।

अदाणी स्पोर्ट्सलाइन के सीबीओ, संजय अडेसरा ने कहाः माइकल क्लिंगर गुजरात जायंट्स और अदाणी स्पोर्ट्सलाइन परिवार के लिए एक बहुत ही योग्य सदस्य हैं। उन्होंने बीबीएल में कोच और खिलाड़ी दोनों के रूप में शानदार प्रदर्शन किया है। इससे निश्चित रूप से हमारी टीम को भविष्य में मदद मिलेगी।

गुजरात जायंट्स 25 फरवरी को अभियान के अपने पहले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैदान में उतरेंगे।

# पहला टेस्टः दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ न्यूजीलैंड की बढ़त 500 के पार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली है।बे ओवल में खेले जा रहे मैच में तीसरे दिन के खेल की समाप्ति तक कीवी टीम ने अपनी दूसरी पारी में 179/4 का स्कोर बनाया है।फिलहाल क्रीज पर डेरिल मिचेल (11) और टॉम ब्लंडेल (5) बने हुए हैं। मेजबान टीम की कुल बढ़त 528 रन की हो गई है।

कल के स्कोर 80/4 से आगे खेलने उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम के बल्लेबाजों ने निराश किया और निरंतर अंतराल पर अपने विकेट गंवाए।न्यूजीलैंड की पहली पारी के 511 रन के जवाब में मेहमान टीम महज 162 रन पर ही सिमट गई। प्रोटियाज टीम से कीगन पीटरसन ने सर्वाधिक 45 रन बनाए। न्यूजीलैंड से मिचेल सेंटनर और मैट हेनरी ने 3–3 विकेट लिए।पहली पारी के आधार पर न्यूजीलैंड ने 349 रन की बढ़त हासिल की।न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी में 10 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट गंवा दिया। पारी की शुरुआत करने आए टॉम लैथम महज 3 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।इसके बाद डेवोन कॉनवे और केन विलियमसन ने दूसरे विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी की। इस बीच कॉनवे क्रीज पर टिकने के बावजूद बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। वह 29 रन बनाकर 102 के टीम स्कोर पर आउट हो गए।विलियमसन ने विपक्षी टीम की अनुभवहीन गेंदबाजी का भरपूर फायदा उठाया और 75 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया।मैच के तीसरे दिन के आखिरी सत्र के दौरान विलियमसन ने 125 गेंदों में अपनी पारी को शतक में तब्दील कर दिया।

# सर्विसेज की जीत में चमके ज्वालामुखी के क्रिकेटर अर्जुन, रणजी मुकाबले में हरियाणा के खिलाफ झटके सात विकेट

**ज्वालामुखी, एजेंसी।** हिमाचल के ज्वालामुखी के लेफ्ट आर्म स्पिनर व ऑलराउंडर अर्जुन ने रोहतक में रणजी ट्रॉफी में दो से चार फरवरी तक चले टेस्ट मैच में सर्विसेज की टीम से खेलते हुए पूरे मैच में सात विकेट लिए। वहीं, बल्ले से नाबाद 41 रन बनाकर टीम को मजबूत किया। हरियाणा व सर्विसेज के बीच हुआ मैच बेहद रोमांचक रहा, जिसमें सर्विसेज ने महज एक रन से जीत दर्ज की।

मैच में सर्विसेज ने पहले खेलते हुए 108 रन का लक्ष्य पहली इनिंग में हरियाणा के सामने रखा, जिसमें हरियाणा ने 103 रन बनाए। दूसरी पारी में सर्विसेज ने 146 रन बनाए, जिसमें हरियाणा की टीम 144 रन पर सिमट गई और सर्विसेज एक रन से जीत गई। अर्जुन के



प्रदर्शन से ज्वालामुखी में उनके घर और प्रशंसकों ने खुशी जाहिर की है।

# शारापोवा की सुंदर पोशाकों ने भारत की श्रीवल्ली को टेनिस खेलने के लिए प्रेरित किया

**मुंबई, एजेंसी।** आमतौर पर कुछ खास होता है, जो युवाओं को खेल के लिए प्रेरित करता है और भारत की होनहार महिला टेनिस खिलाड़ी श्रीवल्ली भामिदिपति के मामले में यह पूर्व विश्व नंबर 1 मारिया शारापोवा द्वारा पहनी गई खूबसूरत पोशाकें थीं, जिसने उनके खेल के प्रति जुनून जगाया।मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए 125के टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में सबसे होनहार भारतीय महिला टेनिस खिलाड़ियों में से एक, श्रीवल्ली ने क्वालीफाइंग दौर में दो बहुत प्रभावशाली गेम जीतकर टूर्नामेंट की सनसनीखेज शुरुआत की। हैदराबाद का 22 वर्षीय खिलाड़ी इस प्रतिष्ठित आयोजन में एक ठोस छाप छोड़ने का इच्छुक है, जो छह साल के अंतराल के बाद मुंबई लौट रहा है और प्रतिष्ठित क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में खेला जा रहा है।हालांकि, एकल और युगल दोनों में मौजूदा भारतीय राष्ट्रीय चैंपियन को प्रेरित और प्रेरित करने वाली बात पूर्व विश्व नंबर 1 मारिया शारापोवा थीं, जिनकी पोशाक ने उनका ध्यान खींचा। उन्होंने कहा, मैं मारिया शारापोवा की तस्वीरें देखता था और मुझे उसके सुंदर कपड़े बहुत पसंद आते थे। मैं भी ऐसी सुंदर पोशाकें पहनना चाहती थी और यही कारण है कि मैंने 11 साल की उम्र में टेनिस खेलना शुरू किया और इस खेल से जुड़ गई। टेनिस खेलने से मुझे सुंदर पोशाकें पहनने का मौका मिला। इसलिए, मेरे लिए खेलों में आना काफी आकस्मिक था।

एक खेल परिवार से आने वाली, जहां उनकी मां एक बास्केटबॉल खिलाड़ी थीं और उनके पिता क्रिकेट और कराटे खेलते थे, श्रीवल्ली ने खेल से परिचित होने के कुछ वर्षों के भीतर ही टेनिस को गंभीरता से लेना शुरू कर दिया। उन्होंने आगे कहा, मेरे लिए, यह हमेशा एक रोलर–कोस्टर सवारी थी। ईमानदारी से कहूं तो मुझे टेनिस का खेल और बाहर रहना बहुत पसंद है, क्योंकि इस तरह आपको घर पर रहकर पढ़ाई करने की ज़रूरत नहीं है।अपने पहले डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट में श्रीवल्ली एक समय में एक गेम पर ध्यान दे रही है और वह सुनिश्चित कर रही है कि वह कोर्ट पर मौजूद हर अवसर का सर्वश्रेष्ठ उपयोग करे। डब्ल्यूटीए मुंबई ओपन में मेरे पास बहुत अधिक लक्ष्य नहीं थे, क्योंकि यह मेरा पहला टूर्नामेंट है और मैं बस वहां जाना चाहता था, अपना टेनिस खेलना चाहता था और साथ ही मजा करना चाहता था। मैं जानता हूं कि जिनके साथ मैं खेलूंगा, वे सभी मुझसे उंचे स्तर पर होंगे। इसलिए, मैं बस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहती थी और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहती थी। मैं मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई करके रोमांचित हूं और मैं किसी भी अन्य मैच की तरह सामान्य रूप से खेलूंगा।

# क्रिकेटर फैबियन एलन के साथ गन पॉइंट पर लूटपाट

**नई दिल्ली,एजेंसी।** 28 साल के फैबियन एलन एसए20 में पार्ल रॉयल्स फ्रेंचाइजी का हिस्सा हैं। उन्हें जोहान्सबर्ग में टीम होटल के बाहर बंदूक से लैस हमलावरों ने निशाना बनाया है।

रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि बंदूक से लैस हमलावरों ने होटल के बाहर एलन को बंदूक दिखाकर उनका फोन और बैग समेत निजी सामान छीन लिया।सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पार्ल रॉयल्स और क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने इस घटना की पुष्टि की है।सीडब्ल्यूआई के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया, हमारे मुख्य कोच एंड्री कोली, जो जमैका के ही रहने वाले हैं। उन्होंने फैबियन से संपर्क किया। हमने औबेड मैकॉय के जरिए उनसे बात की। वह अब ठीक हैं।

यह घटना हाल के दिनों में एसए20 खिलाड़ियों से जुड़ी सुरक्षा संबंधी दूसरी घटना है। इससे खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं और मौजूदा लीग के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

# चोटिल डिफेंडर लिसेंड्रो मार्टिनेज आठ सप्ताह के लिए एक्शन से बाहर

**मैनचेस्टर,एजेंसी।** प्रीमियर लीग क्लब ने बताया कि डिफेंडर लिसेंड्रो मार्टिनेज को घुटने की चोट के कारण कम से कम आठ हफ्ते तक एक्शन से बाहर रहना पड़ सकता है।

मैच में विरोधी खिलाड़ियों से टैकल के दौरान मार्टिनेज़ चोटिल हो गए थे, जिसके कारण उन्हें 71वें मिनट में मैदान छोड़ना पड़ा।

यूनाइटेड ने एक बयान में बताया, लिसेंड्रो मार्टिनेज के घुटने के मेडियल कोलैटरल लिगामेंट में चोट लग गई है और उनके कम से कम आठ सप्ताह तक मैदान से बाहर रहने की उम्मीद है।

यह मार्टिनेज के लिए बड़ा झटका है। वो हाल ही में लंबी चोट के बाद वापसी कर रहे थे। उन्हें अप्रैल में सेविला के खिलाफ बार–बार होने वाली पैर की समस्या को ठीक करने के लिए सर्जरी करानी पड़ी थी।

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मार्टिनेज़ ने फैंस के साथ एक मैसेज साझा किया।उन्होंने कहा, मुझे मिले समर्थन के लिए मैं सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं और आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि मैं जल्द ही वापसी करूंगा।


जयन्त

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com